हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



जीई रोड, रामकुंड, रायपुर



जीई रोड, रामकुंड, रायपुर



आमापारा रायपुर

हरिभूमि की पड़ताल : रातभर सड़कों पर दहाड़ता रहा डीजे, 10 फीट की दूरी पर147 डेसिबल रीडिंग

ललित राठोड़/रायपुर। जब दुनिया दिल को स्वस्थ रखने की बात कर रही थी, उससे पहले रात में रायपुर की सड़कों पर गणेश विसर्जन के नाम पर डीजे का शोर दिल, दिमाग, सुप्रीम कोर्ट-हाईकोर्ट और प्रशासन को चुनौती देता नजर आया। हरिभूमि की टीम ने शहर में करीब 25 स्थानों पर डीजे की आवाज मापी। औसत रीडिंग 135 डेसिबल दर्ज हुई वहीं अधिकतम 147 तक जा पहुंची। खास बात यह कि मापन डीजे से करीब 10 फीट की दूरी पर किया गया। मतलब अगर डीजे से सटाकर रीडिंग ली गई होती तो यह 150 से ज्यादा पहुंचती। डब्ल्यूएचओ की सेल्फ लिसनिंग गाइडलाइन कहती है कि अधिकतम 80 डेसिबल तक ही सुरक्षित है। यानी इतने शोर को इंसान बर्दाश्त कर सकता है। लेकिन रायपुर में 145 तक पहुंचा। इतने शोर में एक मिनट भी खड़े होना खतरनाक है।

हरिभूमि लाइव



कालीबाड़ी चौक, रायपुर



फुल चौक, रायपुर

इससे यह नुकसान हो सकते हैं

- सुनने की क्षमता को स्थायी नुकसान
- दिल और ब्लड प्रेशर पर असर
- नींद पूरी तरह खराब
- तनाव और बेचैनी
- सिरदर्द, थकान और एकाग्रता में कमी
- बुजुर्ग, बच्चे और बीमार लोग ज्यादा परेशान हो सकते हैं



तात्यापारा, रायपुर



आजाद चौक, रायपुर



जीई रोड, रामकुंड, रायपुर



कालीबाड़ी चौक, रायपुर

सोने का सच्चा भाव

आनंद का सच्चा भाव

18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹111346/-

22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹135990/-

24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹148446/-

Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें!

*Conditions apply

anand Jewels Pandri, Raipur

हरिभूमि-आईएनएच चैनल के स्टिंग आपरेशन पर हुई कार्रवाई

पीएससी घोटाले के आरोपी सोनवानी को स्पेशल ट्रीट, तीन जिम्मेदार, एक बर्खास्त

आरोपी को हथकड़ी नहीं लगाई, पत्नी से मुलाकात भी कराई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित सीजी पीएससी घोटाले के आरोपी टामन सिंह सोनवानी की सुरक्षा में गंभीर लापरवाही का स्टिंग आपरेशन सामने आने के बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। इस मामले में तीन जेल प्रहरियों को गंभीर लापरवाही का जिम्मेदार माना गया। इनमें से एक को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। खास बात ये है कि हरिभूमि -आईएनएच ने यह स्टिंग किया था। आरोपी टामन सोनवानी को हथकड़ी नहीं लगाई गई थी और पेशी के दौरान वह अपनी पत्नी व एक अन्य व्यक्ति से मिलते देखा गया था। यह नियम-कानून का उल्लंघन माना गया है।



तीन को माना गया जिम्मेदार

जांच प्रतिवेदन में यह स्पष्ट हुआ कि ड्यूटी पर तैनात प्रहरी संदीप कुमार महेश्वरी (जिला जेल बलौदाबाजार), नागेन्द्र कुमार महतो (जिला जेल दंतेवाड़ा) और पवन कुमार लहरे (जिला जेल रायगढ़) ने अपने कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही और गैर-जिम्मेदाराना रवैया अपनाया, जिसके कारण यह अप्रिय स्थिति निर्मित हुई। इस गंभीर अनुशासनहीनता को देखते हुए केंद्रीय जेल रायपुर के जेल अधीक्षक ने बड़ा प्रशासनिक निर्णय लिया है। जिला जेल बलौदाबाजार के प्रहरी संदीप कुमार महेश्वरी को जेल नियमावली के उल्लंघन के मामलों और इस बार के गंभीर कदाचार के मद्देनजर, 29 सितंबर 2026 से 'सेवा से पदच्युत' (बर्खास्त) कर दिया गया है आदेश में यह भी कहा गया है कि ऐसे अनुशासनहीन ⏭शेष पेज 7 पर

क्या था पूरा मामला और कैसे बरती गई लापरवाही

सीजीपीएससी घोटाला प्रकरण के मुख्य आरोपी एवं विचाराधीन बंदी टामन सोनवानी को स्वास्थ्यगत कारणों से रायपुर के मेकाहारा अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग में उपचार के लिए भेजा गया था। नियमों और स्पष्ट निर्देशों के तहत ड्यूटी पर तैनात प्रहरियों को यह सख्त हिदायत दी गई थी कि अस्पताल परिसर में विचाराधीन बंदी को हथकड़ी लगाकर रखा जाए, उसके परिजनों या अन्य किसी भी व्यक्ति से उसकी मुलाकात न कराई ⏭शेष पेज 7 पर

वायरल हुआ वीडियो बना कार्रवाई की वजह

अस्पताल में उपचार के दौरान विचाराधीन बंदी टमन सोनवानी का बिना हथकड़ी के अपनी पत्नी और एक अन्य व्यक्ति से मुलाकात करते हुए वीडियो सोशल मीडिया (यूट्यूब और इंस्टाग्राम) पर तेजी से वायरल हो गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए उप जेल अधीक्षक एम.एन. प्रधान को प्रारंभिक जांच के निर्देश दिए गए। यह वीडियो आईएनएच चैनल ने तैयार किया था।

वडनगर और बस्तर से राजधानी पहुंची सेवा संकल्प यात्रा पर युवा संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

युवा संवाद में सीएम साय बोले-बस्तर बदल रहा बच्चे भी अंग्रेजी में बात करने लगे, अच्छा लगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, आज बस्तर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प के कारण नक्सलमुक्त हो सका है। अब हम बस्तर को विकसित करने का प्रयास कर रहे हैं। आज जिस तरह से बस्तर के बच्चों ने इस मंच पर अंग्रेजी में बात की है, वह इस बात का सबूत है कि बस्तर आज किस दिशा में जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री के देश को 2047 तक विकसित देश बनाने के संकल्प के साथ हमने भी छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने का संकल्प लिया है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में सेवा संकल्प यात्रा के वडनगर से रायपुर पहुंचने पर युवा संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि आज हमारे प्रदेश की राजधानी रायपुर में दो-दो सेवा संकल्प यात्रा यहां पहुंची है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में काम करते हुए 25 साल पूरे हो रहे हैं। इसको देश सेवा संकल्प के रूप में मना रहा है।

श्री मोदी के जन्मदिन पर छत्तीसगढ़ में हम लोगों ने डेढ़ करोड़ दीये जलाकर उनको आशीर्वाद दिया है। श्री मोदी का छत्तीसगढ़ से बहुत लगाव रहा है। वे छत्तीसगढ़ के कोने-कोने को जानते हैं। वे यहां पर संगठन के पदाधिकारी होने के नाते यहां लगातार आते थे। मुरली मनोहर जोशी की तिरंगा यात्रा कश्मीर के लिए निकली थी तो नरेंद्र मोदी उसमें शामिल थे। उन्होंने लाल चौक में झंडा फहराने की चुनौती को स्वीकारा था। गुजरात को ⏭शेष पेज 7 पर

यात्रा का मकसद सेवा संकल्प है: वीडी शर्मा

यात्रा के संयोजक और मप्र के खजुराहो के सांसद वीडी शर्मा ने बताया यात्रा का मकसद येवा संकल्प है। इस संकल्प के साथ 500 बाइक यात्री गडनगर और 500 यात्री काशी से निकले हैं। यह काम युवा कर रहे हैं। वडनगर से रायपुर पहुंची यात्रा का छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक स्वागत हुआ है। ऐसा स्वागत इनका और किसी राज्य में नहीं किया गया। श्री शर्मा ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ⏭शेष पेज 7 पर



ये रहे उपस्थित

किरण देव कार्यक्रम से वर्चुअल जुड़े

वचुरअल कार्यक्रम में जुड़े किरण देव ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन पर वडनगर और काशी से निकली यात्रा के रायपुर पहुंचने पर कार्यक्रम हो रहा है। इस कार्यक्रम में वडनगर से पहुंचे यात्रियों का स्वागत किरण देव ने किया और बताया कि किस तरह से एक माह तक भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर देश भर में कार्यक्रम हो रहा है। प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप, गुरु खुशवंत साहेब, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, सेवा संकल्प यात्रा अभियान के संयोजक और सांसद वीडी शर्मा, विधायक पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, अपैक्स बैंक के अध्यक्ष केदार गुप्ता, भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष राहुल टिकरिहा सहित प्रदेश के निगम, मंडलों और आयोग के अध्यक्ष, भाजपा नेता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

बच्चों ने बताया-बस्तर का नक्सल मुक्त होने पर हो रहा विकास

कार्यक्रम में राजकुमार कॉलेज में पढ़ने वाली रिंकी ध्रुव ने मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद बताया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से बस्तर आज नक्सल मुक्त हो गया है और उसका बहुत विकास हो रहा है। मुझे और मेरे जैसे कई बच्चों को आज राजधानी में पढ़ने का मौका मिल रहा है। मैं राजकुमार कॉलेज में पढ़ रही हूं। इसी के साथ राजकुमार कॉलेज में पढ़ने वाले गोविंद कुमार ने भी बताया कि उनको भी राजकुमार कॉलेज में पढ़ने का मौका मिल रहा है। पहले के बस्तर और आज के बस्तर में बहुत अंतर है। आज बस्तर का विकास हो रहा है। इसी के साथ बस्तर के कुछ और बच्चों ने भी अपने विचार मुख्यमंत्री के सामने रखे। सभी बच्चों ने बस्तर के नक्सल मुक्त होने और बस्तर के बच्चों को शिक्षा दिलाने के लिए सरकार का धन्यवाद भी किया।

खबर संक्षेप

विवादों में घिरे डीयू के कुलसचिव भूपेंद्र हटाए गए



भिलाई। विवादों में घिरे हेमंचद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलसचिव भूपेंद्र कुलदीप को हटा दिया गया है। छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग रायपुर ने उनका तबादला उच्च शिक्षा संचालनालय इंद्रावती रायपुर कर दिया है। कुलदीप की जगह शासकीय वीवायटी ⏭शेष पेज 7 पर

17 करोड़ का हशीश का तेल हुआ जब्त

तूतीकोरिन। अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने यहां 17 करोड़ रुपए मूल्य का हशीश का तेल जब्त किया है। इसे कथित रूप से मालदीव तस्करी करने की कोशिश कर रहे चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आवाजाही के संबंध में मिली विशेष सूचना के आधार पर एक विशेष पुलिस दल ने पूबालरायरपुरम में इस खेप को रोका।

बंगाल के पूर्व मंत्री के परिसरों पर छापे

कोलकाता। ईडी ने धनशोधन की जांच के तहत पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री इंद्रनील सेन और अन्य लोगों के परिसरों पर छापे मारे। छापेमारी के दौरान कुल 15 परिसरों की तलाशी ली गयी। यह कार्रवाई दुर्गा पूजा से पहले उसकी झलक दिखाने वाले कार्यक्रम आयोजित करने वाली एक संस्था में कथित वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में की गई।

कर्मचारी चयन मंडल का अब अगस्त में जारी होगा परीक्षा कैलेंडर

30 से 60 दिनों में पूरी होगी भर्ती प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मियों की भर्ती के लिए बने छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल के अब नए नियम भी बन गए हैं। भर्ती प्रक्रिया को लेकर एक व्यापक और समयबद्ध व्यवस्था बनाई गई है। इन नियमों से राज्य में सरकारी नौकरियों के लिए चयन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और निश्चित समय-सीमा के भीतर पूरी होगी, लेकिन खास बात ये है कि मंडल अब हर साल अगस्त में भर्ती परीक्षा के लिए कैलेंडर जारी करेगा। यही नहीं, भर्ती प्रक्रिया 30 से 60 दिनों के अंदर पूरी कर ली जाएगी।

सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने विभिन्न विभागों की भर्ती के लिए बनाया है। इन नए नियमों के तहत अब भर्ती परीक्षाओं से लेकर नियुक्ति तक की पूरी प्रक्रिया एक निश्चित समय-सीमा के भीतर संपन्न होगी। उल्लेखनीय है कि यह मंडल बनने से पहले तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मियों की भर्ती व्यावसायिक परीक्षा मंडल के माध्यम से होती थी। उसकी ⏭शेष पेज 7 पर

तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के पदों के लिए होगी भर्ती



खास खबर

इस तरह होगी लिखित परीक्षा और चयन

लिखित परीक्षा और चयन प्रक्रिया के चरण के संबंध में नए नियम में कहा गया है मण्डल द्वारा तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के पदों के लिए बहुविकल्पीय प्रश्नों पद्धति पर समूहवार लिखित परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। जिन पदों के लिए चयन प्रक्रिया में द्वितीय चरण की कौशल परीक्षा या शारीरिक दक्षता या भौतिक परीक्षण अनिवार्य है, उनके लिए लिखित परीक्षा के प्राप्तांकों और आरक्षण नियमों के आधार पर विज्ञापित पदों की संख्या से 15 गुना अभ्यर्थियों की 'सूची-अ' जारी की जाएगी। यह द्वितीय चरण की परीक्षा केवल अर्हकारी (क्वालिफाइंग) प्रकृति की होगी, जिसे संबंधित विभाग को 3 महीने के भीतर पूरा करना होगा।

बलरामपुर में एंटी करप्शन ब्यूरो ने की बड़ी कार्रवाई

बिल भुगतान के लिए मांगा दो फीसदी कमीशन, 'नान' का मैनेजर अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/बलरामपुर

भ्रष्टाचार के खिलाफ मंगलवार को एंटी करप्शन ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई की। बलरामपुर में एसीबी की टीम ने नागरिक आपूर्ति निगम (नान) के जिला प्रबंधक को 22 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी जिला प्रबंधक बिल पास करने के नाम पर 2 प्रतिशत कमीशन की मांग कर रहा था। शिकायत ⏭शेष पेज 7 पर



जेल भेजा गया

एसीबी ने आरोपी से पूछताछ के बाद उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है। एसीबी टीआई शरद सिंह ने बताया कि बिल भुगतान के एवज में 2 प्रतिशत कमीशन मांगने के आरोप में नान के जिला प्रबंधक को गिरफ्तार किया गया है और मामले की आगे की विवेचना जारी है।

कठुआ कैंप में फायरिंग

सीआईएसएफ जवान ने साथियों को मारी गोली, चार की शहादत

एजेंसी ⏭ कठुआ

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के बसोली में सीआईएसएफ कैंप में 2009 बैच के एक हेड कॉन्स्टेबल एचसी अवदेश कुमार ने अपने साथी जवानों पर फायरिंग कर दी। कठुआ के बसोहली सब डिवीजन के हट्ट माश्का में एनएचपीसी संचालित पनबिजली परियोजना में तैनात सीआईएसएफ के एक जवान ने कहासुनी के बाद अपने ही अधिकारियों पर गोलियां दाग दीं। जवान ने एक सहायक कमांडेंट, एक सब इंस्पेक्टर और दो जवानों को गोली चलाकर बुरी तरह से घायल कर दिया। चारों जवानों शहीद हो गए। इस मामले में आरोपी ⏭शेष पेज 7 पर


अंकित पांडेय


लक्ष्मण सिंह


मो. रफीक


संजीव कुमार

दो जवान में बहस और अंधाधुंध फायरिंग

अधिकारियों के अनुसार, सीआईएसएफ के ये जवान हिमाचल प्रदेश की सीमा से सटे बसोली के मशका गांव में सेवा-तीन पावर प्रोजेक्ट की सुरक्षा कर रहे थे। किसी बात को लेकर दो जवानों के बीच बहस हुई और बाद में उनमें से एक ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी, जिससे ये मौतें हुईं। अधिकारियों ने बताया कि सीनियर अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

17 व 18 अक्टूबर को होगा सप्तमी पूजन

हाथी पर आएंगी मां...सप्तमी दो दिन, लेकिन अष्टमी-नवमी एक ही दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शारदीय नवरात्रि का पर्व इस साल 11 अक्टूबर 2026 से शुरू होगा। नौ दिनों तक चलने वाले इस महापर्व में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा होगी। इस बार मां हाथी पर आएंगी। इस बार सप्तमी तिथि दो दिन यानी 17 और 18 अक्टूबर को पड़ रही है, लेकिन इसके बाद भी नवरात्रि नौ दिनों की ही होगी क्योंकि अष्टमी व नवमी एक ही दिन है। हिंदू पंचांग के अनुसार, शारदीय नवरात्र की शुरुआत हमेशा आश्विन महीने के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होती है। इस साल यह तिथि 10 अक्टूबर की रात 9 बजकर 19 मिनट पर लग रही है और 11 अक्टूबर की रात 9 बजकर 30 मिनट पर खत्म होगी। लेकिन, शास्त्रों में 'उदया तिथि' को ही आधार माना जाता है। इसलिए, नवरात्र की शुरुआत और कलश स्थापना 11 अक्टूबर को ही होगी। पंचांग की गणना के अनुसार, अष्टमी तिथि 18 अक्टूबर की सुबह 8:27 बजे से शुरू होकर 19 अक्टूबर की सुबह 10:51 बजे तक रहेगी। 19 अक्टूबर को सूर्योदय के समय अष्टमी तिथि व्याप्त रहेगी। सुबह 10:51 के तुरंत बाद नवमी तिथि शुरू हो जाएगी, इसीलिए 19 अक्टूबर को ही महागौरी की पूजा (अष्टमी), कन्या पूजन और नवमी के सभी धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए जाएंगे।

खास खबर

गुरु और चंद्रमा की विशेष स्थिति से निर्मित होगा गजकेसरी योग



नवरात्रि 9 दिनों की

शरदीय नवरात्रि की शुरुआत 11 अक्टूबर से होगी। नवरात्रि इस बार 9 दिनों की ही है।

– पं. यशवंत सिंह
दंतेश्वरी मंदिर, रायपुर

आर्थिक व पारिवारिक जीवन में प्रभाव

ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, इस बार नवरात्रि के दौरान गुरु और चंद्रमा की विशेष स्थिति से गजकेसरी योग निर्मित होगा। ज्योतिष में इस योग को शुभ परिणाम देने वाला माना जाता है। नवरात्रि के दौरान बनने वाले इस योग को लेकर मान्यता है कि इसका प्रभाव व्यक्ति के करियर, आर्थिक स्थिति, पारिवारिक जीवन और रिश्तों पर पड़ सकता है। वैदिक ज्योतिष में गुरु और चंद्रमा की विशेष स्थिति को गजकेसरी योग से जोड़ा जाता है। सामान्य तौर पर जब गुरु और चंद्रमा एक-दूसरे से केंद्र भाव यानी पहले, चौथे, सातवें या दसवें भाव में स्थित होते हैं, तो इस योग का निर्माण माना जाता है। ज्योतिषीय मान्यताओं में गजकेसरी योग को ज्ञान, प्रतिष्ठा, आत्मविश्वास और आर्थिक उन्नति से जोड़कर देखा जाता है। नवरात्रि जैसे धार्मिक पर्व के दौरान इस तरह के योग को विशेष महत्व दिया जाता है।

जज का रेप पीड़ित बच्ची को लिखा संदेश- 'दोषी कभी आजाद नहीं होगा'

'तुम्हारा बचपन लौटा नहीं सकते, लेकिन साहस याद रखेंगे'

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 7 साल की बच्ची से हुआ था दुष्कर्म

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में सात साल की रेप पीड़िता के दोषी को अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाने के साथ पीड़िता के लिए दिल छूने वाला संदेश भेजा। सत्र अदालत की न्यायाधीश रजनी रंगा ने संदेश में लिखा था- बेटा स्कूल जाओ, अपनी जिंदगी जियो, तुम्हारी हिम्मत को यह अदालत हमेशा याद रखेगी। हाई कोर्ट ने सत्र न्यायाधीश के इस संदेश की सराहना करते हुए इस संदेश को प्रिंट कराकर पीड़ित परिवार को सौंपने और मुआवजे के तौर पर 10 लाख 50 हजार देने के भी निर्देश दिए। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह एवं जस्टिस दिनेश भट्ट की पीठ ने दिल्ली विधिक सेवा के सचिव को इस निर्देश का दो सप्ताह के भीतर पालन करने को कहा है। पीठ ने यह आदेश सुमित शाक्य की उस अपील पर सुनवाई के दौरान दिया, जिसमें उसने पॉक्सो मामले में अपनी दोषसिद्धि व सजा को चुनौती दी थी।

दोषी की अपील पर अगले साल 20 जनवरी को सुनवाई

पीठ ने इस अपील पर पुलिस व पीड़ित पक्ष को नोटिस जारी किया है। इस मामले में अपील पर 20 जनवरी 2027 को सुनवाई होगी। यह मामला बुध विहार थाने में दर्ज पॉक्सो मामले से जुड़ा है। सत्र अदालत ने सात साल से की बच्ची के साथ गंभीर यौन हमला करने के आरोप में आरोपी को पॉक्सो अधिनियम के तहत दोषी ठहराया है। सत्र अदालत ने आरोपी को उम्रकैद की सजा सुनाई थी।



'आरोपी के बूढ़ा होने तक जेल में रहने की सजा हो'

पीठ ने सुनवाई के दौरान ध्यान दिया कि घटना 23 जुलाई 2023 की है। उस समय पीड़िता की उम्र सात साल बताई गई और अब वह 10 साल की है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रजनी रंगा की अदालत ने फैसले के अंत में पीड़िता के नाम एक संदेश भी लिखा था। इसमें बच्ची की उस इच्छा का उल्लेख किया गया कि आरोपी के बूढ़ा होने तक जेल में रहने की सजा हो। जज ने बच्ची को इस घटना से आगे बढ़कर अपना जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित किया था।

बेटा स्कूल जाओ, अपनी जिंदगी जियो

फैसले में सत्र अदालत के न्यायाधीश ने लिखा था कि यह अदालत तुम्हारा बचपन वापस नहीं ला सकती। लेकिन अदालत तुम्हें यह भरोसा दिला सकती है कि तुम्हारी बात सुनी गई। तुम्हारी गुहार स्वीकार की गई। अब बेटा अपनी जिंदगी जियो। स्कूल जाओ, दोस्त बनाओ, हंसो, खेलो व सपने देखो। यह अदालत तुम्हारे साहस को हमेशा याद रखेगी। इसी संदेश को लेकर हाई कोर्ट ने विशेष आदेश दिए हैं।

बच्ची ने कहा था- जेल में रहें अंकल

यह मामला 23 जुलाई 2023 का है, जब बच्ची सात साल की थी। अब उसकी उम्र 10 साल है। मामले की सुनवाई के दौरान बच्ची ने अदालत से कहा था कि जिस व्यक्ति को वह 'अंकल' कहती है, उसे तब तक जेल में रखा जाए, जब तक वह बूढ़ा न हो जाए। रोहिणी की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-01 (पाक्सो) राजनी रंगा ने फैसले के अंत में बच्ची को संबोधित करते हुए एक संदेश लिखा। इसमें उन्होंने कहा कि अदालत ने उसकी बात सुनी और उसकी अपील स्वीकार की है। जज ने बच्ची को लिखे संदेश में कहा कि जिस व्यक्ति को उसने 'अंकल' कहा था, वह अब आजाद होकर बाहर नहीं आएगा। वह अपनी बाकी जिंदगी जेल में बिताएगा, वहीं बूढ़ा होगा और वहीं उसकी जिंदगी खत्म हो जाएगी।

खबर संक्षेप

ट्रंप को झटका, चुनाव संबंधी बदलाव लागू नहीं करा सकते

हैरिसबर्ग (अमेरिका)। अमेरिका के एक संघीय न्यायाधीश ने सोमवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन को उन राज्यों की कुछ संघीय आतंकवाद-रोधी निधि अवरुद्ध करने से रोक दिया, जो चुनावों के संचालन से जुड़ी उसकी शर्तों को पूरा नहीं करते हैं। अदालतों ने प्रशासन के पिछले ऐसे प्रयासों को बड़े पैमाने पर खारिज किया है। ये प्रयास व्यापक स्तर पर मतदान में धोखाधड़ी के बारे में किए गए अपुष्ट दावों पर आधारित हैं और नवंबर में होने वाले मध्यावधि चुनाव से पहले किए जा रहे हैं।



अब पटना में कोचिंग से लौट रही 3 छात्राओं से छेड़छाड़, मारपीट

पटना। पटना सिटी के खाजेकला थाना क्षेत्र में तीन नाबालिग छात्राओं से छेड़छाड़ और अभद्र व्यवहार का मामला सामने आया है। घटना 28 सितंबर 2026 की देर शाम की बताई जा रही है। आरोप है कि कोचिंग सेंटर से पढ़ाई कर घर लौट रहीं तीन छात्राओं को रास्ते में तीन से चार युवकों ने रोक लिया और उनके साथ छेड़छाड़ की। परिजनों के मुताबिक, युवकों ने छात्राओं से मोबाइल नंबर मांगने का प्रयास किया। छात्राओं ने जब इसका विरोध किया, तो आरोप है कि युवकों ने उनके साथ हाथापाई और मारपीट की। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। जानकारी के मुताबिक, तीनों नाबालिग छात्राएं कोचिंग सेंटर से पढ़ाई करने के बाद घर लौट रही थीं।

आंध्र मेडिकल कॉलेज में 2 छात्राओं ने किया सुसाइड

हैदराबाद। आईआईटी बॉम्बे में सेकंड ईयर के स्टूडेंट साहिल वाकोडे की आत्महत्या के बाद से शुरू हुआ विवाद अभी थमा नहीं था कि आंध्र मेडिकल कॉलेज में 2 छात्राओं के सुसाइड ने तहलका मचा दिया है। पिछले पांच दिन के अंदर इस मेडिकल कॉलेज की 2 छात्राओं ने आत्महत्या कर ली है। आत्महत्या की इन दो घटनाओं के बाद कॉलेज के मेडिकल एजुकेशन डिपार्टमेंट ने जांच शुरू कर दी है। सुसाइड की दो अलग-अलग घटनाओं में 24 सितंबर को एमडी जनरल मेडिसिन की फाइनल ईयर की स्टूडेंट डॉ. पी. शैलजा ने रामनगर में स्थित अपने घर में फांसी लगा ली।

पार्टी अध्यक्ष खड़गे की अध्यक्षता में हुई कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक

कांग्रेस ने देशभर में 'वोट चोरी' के खिलाफ किया आंदोलन का ऐलान

मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने अपनी शीर्ष नीति निर्धारिक इकाई कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में मंगलवार को फैसला किया कि 'वोट चोरी' के खिलाफ इस मुद्दे को लेकर देशभर में आंदोलन चलाया जाएगा और इसमें दूसरे विपक्षी दलों का भी सहयोग लिया जाएगा।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बैठक में कांग्रेस ने मंगलवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की तरफ से 'अंपायर' बनकर चुनावों में 'मैच फिक्सिंग' करने का आरोप लगाया और कहा कि कुमार को पद से हटाए जाने के साथ ही प्रधानमंत्री को भी नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। राजधानी दिल्ली स्थित पार्टी कार्यालय में हुई बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश और कई अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए। खड़गे ने कार्य समिति की बैठक में अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस्तीफे की मांग उठाई। बैठक में पारित प्रस्ताव में भी कहा गया कि प्रधानमंत्री को 'नैतिकता के आधार पर' त्यागपत्र दे देना चाहिए। कार्य समिति के प्रस्ताव में कहा गया कि पार्टी मुख्य निर्वाचन आयुक्त के तत्काल इस्तीफे की मांग करती है, जिन्होंने कांग्रेस के अनुसार अपने 'सभी नैतिक और संस्थागत अधिकार' खो दिए हैं।


लगाया आरोप, सीईसी ज्ञानेश को 'अंपायर' बनाकर चुनावों में कराई गई 'मैच फिक्सिंग'

यह लाया गया प्रस्ताव

प्रस्ताव में आरोप लगाया गया, 'प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के इशारे पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा खुलेआम 'वोट चोरी' को अंजाम दिया गया है।' कांग्रेस ने कहा कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे से कम कुछ भी पर्याप्त नहीं होगा। कार्य समिति ने कहा कि भाजपा और उसके द्वारा चुने गए अधिकारियों को समझ लेना चाहिए कि जनता के मताधिकार से कथित छेड़छाड़ का जवाब दिए बिना नहीं छोड़ा जाएगा। पार्टी ने कहा कि वह संसद, अदालतों और सड़कों पर तब तक अपना विरोध और प्रतिरोध करेगी जब तक दोषियों को दंडित नहीं किया जाता, प्रत्येक नागरिक का वोट सुरक्षित नहीं हो जाता और निर्वाचन आयोग को एक स्वतंत्र संवैधानिक संस्था के रूप में पुनर्स्थापित नहीं किया जाता।

मोदी-शाह के निर्देश के बिना कुछ नहीं कर सकते ज्ञानेश : बैठक के बाद कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा, 'ज्ञानेश कुमार सिर्फ एक टूल हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के निर्देश के बिना वह कुछ नहीं कर सकते। प्रधानमंत्री की नैतिक जिम्मेदारी बनती है, इसलिए हम प्रधानमंत्री के इस्तीफे की मांग करते हैं।' पार्टी के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कार्य समिति की बैठक में 'वोट चोरी' विषय पर अपने विचार रखे तथा जोर दिया कि वह और कांग्रेस संसद से सड़क तक अपना विरोध और प्रतिरोध जारी रखेगी।

'इंडिया' गठबंधन की आज बैठक, आप व डीएमके शामिल नहीं



विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के प्रमुख नेता बुधवार को यहां बैठक करेंगे, जिसमें निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली के खिलाफ संयुक्त अभियान की रूपरेखा को अंतिम रूप देने और मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर आगे की रणनीति तय की जाएगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, पार्टी महासचिव जयराम रमेश और के. सी. वेणुगोपाल, ममता तृणमूल कांग्रेस की ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी तथा समाजवादी पार्टी (सपा), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) और शिवसेना (उबाठा) समेत विभिन्न दलों के नेता बैठक में हिस्सा लेंगे। वहीं, द्रमुक और आम आदमी पार्टी (आप) ने स्पष्ट कर दिया है कि वे बैठक में शामिल नहीं होंगी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी उत्तर प्रदेश में राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन संबंधी व्यस्तताओं के कारण बैठक में शामिल नहीं होंगे और अपने प्रतिनिधियों को भेजेंगे।



सुरक्षा चिंता : ओपनएआई नहीं लाएगा नया एआई मॉडल

सैन फ्रांसिस्को। कृत्रिम मेधा (एआई) क्षेत्र की प्रमुख कंपनी 'ओपनएआई' ने सोमवार को कहा कि वह अपने शोधकर्ताओं की ओर से जताई गई सुरक्षा संबंधी चिंताओं के मद्देनजर नए मॉडल को जारी करने में अभी कुछ समय ले रही है। कंपनी ने यह कदम एआई प्रौद्योगिकी के तेजी से हो रहे विकास की रफ्तार को धीमा करने के अपने प्रयासों के तहत उठाया है। ओपनएआई ने 'जीपीटी-6.1 एस्ट्रा' मॉडल को फिलहाल जारी नहीं करने का फैसला ऐसे समय में लिया है, जब उद्योग में अत्यधिक स्वायत्त प्रणालियों के विकास की गति को पर्याप्त सुरक्षा उपाय नहीं होने तक धीमा करने की मांग बढ़ रही है।

नीरव मोदी केस में सीबीआई का एक्शन

यूएई से वांटेड आरोपी संदीप मिस्त्री को लाया गया भारत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीरव मोदी के पीएनबी बैंक फ्रॉड मामले में वांछित आरोपी संदीप मिस्त्री को यूएई से भारत लाया गया है। सीबीआई ने विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के साथ मिलकर उसका डिपोर्टेशन करवाया। संदीप के खिलाफ जुलाई 2026 में इंटरपोल के जरिए रेड नोटिस जारी हुआ था। वह 28 सितंबर की रात 11 बजकर 55 मिनट पर मुंबई पहुंचा. सीबीआई ने उसे हिरासत में लिया, कोर्ट में पेश किया और कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया।



इंटरपोल ने जारी किया था रेड कॉर्नर नोटिस : यह रेड कॉर्नर नोटिस सीबीआई की मांग पर इंटरपोल के जरिए जारी हुआ था। इसके बाद यूएई के अधिकारियों ने उसकी लोकेशन का पता लगाया, उसे गिरफ्तार किया और डिपोर्टेशन की प्रक्रिया शुरू की। नोटिस जारी होने के करीब दो महीने में ही उसे ढूंढकर पकड़ा गया और भारत लाया गया। सीबीआई ने इसे संबंधित एजेंसियों के बीच तेज और असरदार अंतरराष्ट्रीय तालमेल का नतीजा बताया है।

यह है आरोप

आरोप है कि फर्जी अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक लेनदेन दिखाकर बैंक के साथ धोखाधड़ी की गई। जांच एजेंसी के मुताबिक, संदीप मिस्त्री अलग अलग कंपनियों के बीच अहम कड़ी था। वह इन कंपनियों के रोज के कामकाज पर नजर रखता था और सबूत छिपाने के लिए ऐसे मैसेजिंग प्लेटफॉर्म से निर्देश देता था जिनके मैसेज अपने आप डिलीट हो जाते हैं। उस पर आरोप है कि उसने हीरे, सोने और मोती के गहनों का फर्जी कारोबार दिखाने के लिए नकली आयात निर्यात दस्तावेज तैयार करवाने में भी मदद की।

गुजरात हाईकोर्ट ने जुर्माना भी रखा बरकरार

पीएम मोदी की डिग्री मामले में केजरीवाल की अपील खारिज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गुजरात हाई कोर्ट ने मंगलवार को पीएम नरेंद्र मोदी की डिग्री से जुड़े मामले में आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल की अपील खारिज कर दी। साथ ही कोर्ट ने केजरीवाल पर लगे 25 हजार रुपए के जुर्माने को भी बरकरार रखा। इस मामले में कोर्ट ने 24 सितंबर 2026 को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। हाई कोर्ट की चीफ जस्टिस सुनीता अग्रवाल और जस्टिस डीए रे की बेंच ने कहा कि केंद्रीय सूचना आयोग के 2016 के निर्देश को रद्द करने और केजरीवाल पर 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाने वाले फैसले में हस्तक्षेप करने का कोई आधार नहीं है। हाईकोर्ट की सिंगल जज की बेंच ने 31 मार्च 2023 को अरविंद केजरीवाल पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया था और आरटीआई के प्रावधानों का गलत इस्तेमाल को लेकर फटकार लगाते हुए कहा था कि उनका रवैया कैजुअल था। सिंगल बेंच के इस फैसले के खिलाफ केजरीवाल को हाईकोर्ट की डबल बेंच में याचिका दायर की थी।



यह है मामला

साल 2016 में केजरीवाल ने सेंट्रल इंफॉर्मेशन कमीशन (सीआईसी) को चिट्ठी लिखकर मांग की थी कि प्रधानमंत्री की डिग्री सार्वजनिक की जानी चाहिए। अप्रैल 2016 में सीआईसी ने दिल्ली यूनिवर्सिटी और गुजरात यूनिवर्सिटी को निर्देश दिया था कि पीएम मोदी की डिग्री से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराएं। सीआईसी के फैसले के खिलाफ यूनिवर्सिटी हाईकोर्ट पहुंच गई थी। तीन महीने बाद हाई कोर्ट ने सीआईसी के आदेश को तब रद्द कर दिया था। मई 2016 में गुजरात यूनिवर्सिटी के तत्कालीन वाइस चांसलर एमएन पटेल ने घोषणा की थी कि पीएम मोदी ने पॉलिटिकल साइंस में 1983 में **MA** किया और उन्हें एक्सटर्नल स्टूडेंट के तौर पर 62.3 फीसदी अंक मिले थे। अपनी वेबसाइट पर डिग्री डालने के साथ-साथ गुजरात यूनिवर्सिटी ने सीआईसी के आदेश को भी चुनौती दी थी।

दुर्गा पूजा की तैयारियां...



नादिया। पश्चिम बंगाल के नादिया में मंगलवार को दुर्गा पूजा त्योहार से पहले एक कलाकार देवी दुर्गा की मूर्तियां तैयार करते हुए।

रूस में विमान क्रैश 6 लोगों की हुई मौत

मास्को। रूस के अमूर इलाके में 29 सितंबर 2026 को ट्रेनिंग फ्लाइट के दौरान एक रूसी मिलिट्री बॉम्बर एयरक्राफ्ट के क्रैश होने से 6 क्रू मेंबर की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। रूस के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, यह स्ट्रेटेजिक बॉम्बर रूस के फार ईस्ट में क्रास्नोयारोवो गांव के पास एक सुनसान इलाके में गिरा। बताया जा रहा है कि विमान उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद क्रैश हो गया। हादसे के समय विमान में 7 लोग सवार थे। मंत्रालय की तरफ से जारी शुरुआती जानकारी के मुताबिक, 6 क्रू मेंबर की मौत हो गई, जबकि 7वां शख्स घायल हो गया और उसे मेडिकल फैसिलिटी में ले जाया गया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि बॉम्बर एक तय ट्रेनिंग फ्लाइट के दौरान क्रैश हुआ और यह घटना आबादी वाले इलाकों से दूर हुई।

एआई से अरबों की कमाई, एक्ट्रेस ने मांगा 7000 करोड़ का हर्जाना

उर्वशी के नाम से अमेरिकी कंपनी ने किया 'फर्जीवाड़ा'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने एक अमेरिकन बेस्ड एआई कंपनी के खिलाफ कड़ा एक्शन लेने का फैसला किया है। उनकी टीम का दावा है कि लॉस एंजेलिस की एक कंपनी ने उर्वशी का नाम इस्तेमाल करके करोड़ों रुपयों का बिजनेस खड़ा कर दिया है। इंस्टाग्राम पर पोस्ट के जरिए ये बात सामने आ रही है। उर्वशी ने मंगलवार, 29 सितंबर को अपनी टीम के साथ एक पोस्ट शेयर कर इस मामले की जानकारी दी थी। पोस्ट में उर्वशी रौतेला की टीम लिखती है- हम लॉस एंजिल्स स्थित इस कंपनी के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई कर रहे हैं। इसमें हर्जाने की मांग भी शामिल है, जो फिलहाल 7,000 करोड़ रुपये आंकी जा रही है।

लास एंजलिस की कंपनी ने खड़ा किया करोड़ों का बिजनेस



उर्वशी ने किया कोर्ट का रुख : आरोप है कि इस कंपनी ने उर्वशी के नाम, तस्वीरों और वीडियो का बिना अनुमति इस्तेमाल करके अरबों डॉलर की वैल्यू वाला कारोबार खड़ा किया है। अपनी एआई कंपनी बनाइए। आप अपना ब्रांड बनाइए। लेकिन जब तक उर्वशी की अनुमति ना हो, अपने इस बिजनेस में उर्वशी के नाम का इस्तेमाल बिल्कुल मत कीजिए।

कई बॉलीवुड एक्ट्रेसेस ने किया है कोर्ट का रुख

हालांकि उर्वशी की टीम ने ये साफ नहीं किया कि जिस कंपनी पर वे आरोप लगा रहे हैं, वो कौन-सी कंपनी है। एक्ट्रेस का ये स्टेटमेंट एक ऐसे वक्त में आ रहा है, जहां एआई के जरिए किसी की भी फोटो का इस्तेमाल करके गलत वीडियो बनाए जा रहे हैं। कई बॉलीवुड एक्ट्रेसेस ने तो कोर्ट में जाकर अपनी पर्सनैलिटी राइट्स को सुरक्षित कराया है, ताकि कोई भी उनकी तस्वीर या वीडियो एआई के जरिए बनाकर लोगों को गुमराह ना कर सके।

मूवी, ओटीटी में आ रहीं नजर

बात करें उर्वशी रौतेला के वर्क फ्रंट की, तो उन्होंने रणदीप हुड्डा संग वेब सीरीज इंस्पेक्टर अविनाश सीजन 2 में काम किया था। ये शो कुछ ही महीनों पहले जियो हॉटस्टार पर आया था। इसके अलावा वो अक्षय कुमार की मल्टी-स्टारर फिल्म वेलकम टू द जंगल में भी कैमियो रोल में दिखी थीं।

रखाइन राज्य को बनाया निशाना, विद्रोही गुट के कब्जे में है यह इलाका

म्यांमार सेना की अपने ही देश में एयरस्ट्राइक, 49 की मौत

एजेंसी ▶▶ नेपीदा

म्यांमार की सेना ने सोमवार को पश्चिमी रखाइन राज्य में एक बाजार के पास एयरस्ट्राइक की। इसमें कम से कम 49 लोगों की मौत हो गई और 58 लोग घायल हुए हैं। यह इलाका ताकतवर विद्रोही संगठन अराकान आर्मी के कब्जे में है। हमले के वक्त बाजार में दुकानदारों और ग्राहकों की भीड़ थी। अराकान आर्मी ने हमले में लोगों के मारे जाने की जानकारी दी है अराकान आर्मी के मुताबिक, सेना के लड़ाकू विमान ने बाजार के पास दो बम गिराए। घायलों में 22 की हालत गंभीर है। हालांकि, म्यांमार की सेना ने हमले पर कोई बयान नहीं दिया है।



2021 में सैन्य तख्तापलट के बाद से संघर्ष जारी : म्यांमार में 1 फरवरी 2021 को सेना ने आंग सान सू की की चुनी हुई सरकार को सत्ता से हटा दिया था। इसके बाद देशभर में विरोध प्रदर्शन शुरू हुए। सुरक्षा बलों ने इन प्रदर्शनों को बलपूर्वक दबाया, जिसके बाद सैन्य शासन के कई विरोधियों ने हथियार उठा लिए। तब से देश के बड़े हिस्से में संघर्ष जारी है।

अराकान आर्मी ने दी बदले की चेतावनी

अराकान आर्मी ने मंगलवार तड़के जारी बयान में कहा कि वह हमले के लिए जिम्मेदार लोगों और संगठनों के खिलाफ जल्द जवाबी कार्रवाई करेगी। संगठन ने आरोप लगाया कि जानबूझकर किए गए हवाई हमलों में बड़ी संख्या में आम लोगों की जान गई है। म्यांमार की सेना ने हमले पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की। हालांकि, सेना पहले कहती रही है कि उसके हवाई हमलों का निशाना केवल सैन्य ठिकाने होते हैं। वह सैन्य शासन का विरोध करने वाले संगठनों पर आतंकवाद में शामिल होने का आरोप भी लगाती रही है।

रायपुर
बुधवार 30 सितंबर 2026
आश्विन कृष्ण पक्ष चतुर्थी
वर्ष : 25, अंक : 71
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 33.2
न्यून. 24.0

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

3 ब्लैक गाउन में बिखेरा जलवा



विचार पेज
2 गिरफ्तारी में न हो अधिकारों...





बेटियों ने बरकरार रखा सुनहरा रिकॉर्ड, भारत ने एथलेटिक्स में जीता गोल्ड

एशियन गेम्स : महिला रिले टीम और निशानेबाज नीरू को स्वर्ण, भारत एशियाड पदक तालिका में शीर्ष दस में

एजेंसी ▶▶ नागोया

खास खबर

भारी बारिश और ठंडे मौसम के बीच 'नारी शक्ति' ने भारत को सुनहरी सफलता दिलाते हुए एशियाई खेलों की पदक तालिका में शीर्ष 10 में पहुंचा दिया, जब नीरू ढांडा ने महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता और महिला चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने एथलेटिक्स में एकमात्र पीला तमगा दिलाया।



विथ्या ने जीता दूसरा मेडल

यह नागोया के एशियाई खेलों में धाविका विथ्या रामराज का दूसरा मेडल रहा। इससे पहले उन्होंने 400 मीटर की हर्डल रेस यानी बाधा दौड़ में ब्रॉन्ज जीता था। अब उन्होंने गोल्ड मेडल भी अपने नाम कर लिया है। इवेंट के दौरान बारिश हो रही थी, लेकिन फिर भी भारतीय खिलाड़ी कमाल करने में सफल रहे। बारिश उनके लिए बाधा नहीं बन सकी। अक्सर बारिश के दौरान खिलाड़ियों को दौड़ लगाने में दिक्कत होती है।

एथलेटिक्स में भारत का पहला गोल्ड

भारत ने क्रिकेट, कबड्डी और शूटिंग में गोल्ड जीता था. अब एथलेटिक्स में भी गोल्ड आ गया है। इसके साथ भारत ने मेडल टैली में 50 का आंकड़ा भी पार कर लिया है।

मेडल टैली में 10वें पायदान पर भारत

छठे गोल्ड के साथ भारत मेडल टैली में 10वें पायदान पर पहुंच गया है। कुल मेडल की संख्या 51 पर पहुंच गई है। इसमें 6 गोल्ड के अलावा 21 सिल्वर और 24 ब्रॉन्ज शामिल हैं।

गुलवीर ने तीन पदक जीतकर बनाया रिकॉर्ड

गुलवीर सिंह ने एशियाई खेलों में अपना शानदार फॉर्म जारी रखते हुए पुरूषों की 5000 मीटर रेस में 13 मिनट 32 . 75 सेकंड का समय निकालकर कांस्य पदक जीता जो इन खेलों में उनका तीसरा पदक था।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

पाठक सूचना
हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
का सामान्य कूपन
कल के अंक में देखें।

खबर संक्षेप

हिमालयी क्षेत्रों में फंसे 27 पर्वतारोही का रेस्क्यू

देहरादून। उत्तराखंड के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में खराब मौसम के कारण विभिन्न जगहों पर फंसे 27 और पर्वतारोहियों को मंगलवार को हेलीकॉप्टर की मदद से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। सुबह दोबारा शुरू किए गए बचाव अभियान में उत्तरकाशी जिले के कालिंदी खाल और माउंट जोगिन से आठ-आठ तथा रुद्रप्रयाग जिले के वासुकी ताल ट्रेक से 11 पर्वतारोहियों और पोर्टर को



हवाईअड्डे पर 1.5 करोड़ का गांजा किया जब्त

कोच्चि। सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने यहां कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर करीब 1.5 करोड़ रुपए मूल्य का लगभग चार किलो हाइड्रोपोनिक वीड (हाइब्रिड गांजा) जब्त कर इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। हैदराबाद निवासी यात्री जावेद अली सोमवार को 'श्रीलंकन एयरलाइंस' की उड़ान से बैंकॉक से कोलंबो होते हुए यहां पहुंचा था। जांच के दौरान महाराष्ट्र के कोल्हापुर निवासी एक अन्य यात्री शिवप्रताप जयसिंह सांकपाल की पहचान की गई और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

हेड कांस्टेबल से मारपीट आप नेताओं पर केस

नई दिल्ली। तिलक नगर में दिल्ली पुलिस के एक हेड कांस्टेबल के साथ कथित मारपीट मामले में आम आदमी पार्टी के सीनियर नेता सौरभ भारद्वाज, विधायक जरनैल सिंह समेत पार्टी के कुछ अन्य कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। सरकारी काम में बाधा डालने और सरकारी कर्मचारी के साथ मारपीट समेत संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है।



अत्यधिक नमी से खीरा, बरबट्टी, लौकी, लाल भाजी, पालक सड़ने लगी

सब्जियों को ले डूबी बारिश, लौकी, भाजी खीरा, टमाटर बरबाद, खेतों में अब भी पानी

बारिश अभी थम गई है, पर बाढ़ के निशान अभी मौजूद हैं। इस भारी बारिश ने धान की फसलों को तो ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचाया, पर सब्जियों को खासा बरबाद किया है। खेतों में पानी भरने से टमाटर, मिर्च, बरबट्टी और खीरा जैसी मौसमी सब्जियां सड़ने लगी हैं। इसका असर बाजार में भी दिखने लगा है। सब्जियां महंगी हो गई हैं। टमाटर अभी 35-40 रुपए बिक रहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राज्य में भारी बारिश और बाढ़ का असर रायपुर के अलावा बस्तर, दुर्ग, रायगढ़, धमतरी, बिलासपुर, और बलौदबाजार-भाटापारा जैसे कई प्रमुख जिलों में बड़े पैमाने पर पड़ा है। रायपुर के अभनपुर इलाके के पारागांव, नवापारा और कुटीपारा जैसे ग्रामीण व कृषि क्षेत्र भारी जल-जमाव की चपेट में हैं। भाठागांव और काठाडीह में सब्जियां उगाने वाले किसानों ने बताया कि पानी भरने से सब्जियों के उत्पादन पर खासा असर पड़ रहा है। उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण सब्जियों ▶▶शेष पेज 7 पर

■ 12 हजार हेक्टयर की फसल प्रभावित होने का अनुमान



दिखने लगा है असर, पानी निकासी के प्रयास

भाठागांव के सब्जी उत्पादक किसान रमेश सोनकर ने बताया कि टमाटर और भाजी की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। अधिक पानी की निकासी के प्रयासों में लगे हैं। अभी खीरा और लौकी के फसल को बचाने का उपाय कर रहे हैं। अधिक पानी के कारण पालक खराब हो रही है। हरी मिर्च और धनिया पर भी असर दिखने लगा है।

3.96 लाख हेक्टेयर में सब्जी

कृषि विभाग के अनुसार, राज्य में करीब 3.96 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सब्जियों की खेती होती है। जलभराव वाले क्षेत्रों और सब्जी उत्पादन वाले इलाकों को आधार मानते हुए प्रारंभिक अनुमान में 10 से 12 हजार हेक्टेयर सब्जी क्षेत्र प्रभावित होने की आशंका है।



पत्तेदार सब्जियों को ज्यादा नुकसान धनिया पहुंच गया 300 रुपए किलो

धमतरी। सप्ताह भर लगातार हुई बारिश ने सब्जी उत्पादक किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। खेतों और बाड़ियों में पानी भरने से हरी सब्जियों की फसल गलने लगी है। टमाटर, भिंडी और करेला जैसी फसल में कीड़े लगने के साथ दाग-धब्बे भी पड़ गए हैं। वहीं पालक, चेंच, चौलाई, लाल भाजी और धनिया जैसी पत्तेदार सब्जियां पानी में खराब हो गई हैं। सब्जी उत्पादक किसान कैलाश सोनकर ने बताया कि उनकी बाड़ी में हरी मिर्च, पालक, चेंच भाजी, चौलाई भाजी और लाल भाजी की फसल लगी थी। बारिश से करीब एक फीट पानी भर गया। पानी में डूबने के कारण पौधे गल गए और पूरी फसल खराब हो गई। कृषक उदयराम सोनकर ने बताया कि उनकी बाड़ी में फूलगोभी, पत्तागोभी और टमाटर की फसल लगी थी। लगातार बारिश के कारण फसल में दाग-धब्बे पड़ गए और कीड़े लगने से नुकसान हुआ है।

■ बाड़ियों में भरा पानी फसल हुई खराब

बाढ़ से दुर्ग जिले की सब्जी फसलों को भारी नुकसान

दुर्ग। दुर्ग जिले में शिवनाथ नदी में आई बाढ़ और भारी बारिश की वजह से सब्जी फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। धमधा ब्लॉक में सबसे ज्यादा टमाटर और गोभी की नई फसल प्रभावित हुई है। खासकर गोभी, लालभाजी, पालक भाजी, भिंडी, करेला सब्जियों को खासा नुकसान पहुंचा है।



बारिश का असर : सब्जियां बिगाड़ रहीं बजट, दामों में बढ़ोतरी

राजनांदगांव। चक्रवात तूफान अर्नब के चलते बीते दिनों हुई बारिश की वजह से इसका असर उद्यानिकी फसलों पर दिखाई दे रहा है। बदली और बारिश के चलते सब्जियों की फसल प्रभावित हुई है। जिसकी वजह से सब्जियों के दामों में भी बढ़ोतरी हो गई है। बिगड़े मौसम की वजह से लोकल बड़ी से आने वाली सब्जियां अधिक प्रभावित हुई है, जिसके अन्य राज्यों से आ रही सब्जियों के दाम बढ़े हुए हैं। कुछ दिन पहले ही सब्जियां 60 से 80 रुपए किलो के बीच थी। लेकिन अब लगभग सभी सब्जियों के दाम 90 से 100 रुपए प्रति किलो पर हैं, जिससे घर की रसोई का बजट बिगड़ रहा है। सब्जियों के दाम बढ़ने का असर सीधे लोगों की थाली पर पड़ रहा है।



5 घायलों में 2 की हालत गंभीर

बिजली पोल शिफ्टिंग के दौरान करंट से दो मजदूरों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पत्थलगांव

थाना क्षेत्र के ग्राम पाकरगांव में बिजली पोल लगाने के दौरान करंट की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 5 अन्य घायल हो गए। घायलों में से दो की स्थिति बेहद गंभीर बनी हुई है, जिनका इलाज पत्थलगांव सिविल अस्पताल में जारी है।



मैनपुर के जंगल में भूस्खलन, चट्टान लुढ़की, उखड़े पेड़

मैनपुर। गरियाबंद जिले में लगातार हुई बारिश के बीच देवभोग वन परिक्षेत्र के इंदा गांव में जंगल में भूस्खलन की तस्वीर सामने आई है। हालांकि इस घटना से जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन जंगली टीले में भूस्खलन ने घटना स्थल का नक्शा बदल दिया है। इससे 8-10 एकड़ जंगली क्षेत्र प्रभावित बताया जाता है। घटनास्थल की तस्वीरें इस प्राकृतिक घटना की भयावहता को बयां कर रही हैं।



वन विभाग कर रहा है जांच: वन विभाग के एसडीओ राजेंद्र प्रसाद सोरी ने बताया वन विभाग की टीम घटनास्थल का मुआयना किया है। बादल फटने जैसे मामला के चलते यह स्थिति निर्मित हुई है, आगे जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि वह विभाग इस मामले में जांच कर रहा है।

अरुणाचल उग्रवादी हमले में 4 घायल

असम राइफल्स के गश्ती दल पर हमला, दरोगा शहीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग में मंगलवार को संदिग्ध आतंकवादियों ने घात लगाकर असम राइफल्स के गश्ती दल पर हमला किया, जिसमें एक जवान शहीद हो गया है। हमला भारत-म्यांमार सीमा पर नामपोंग नाले के पास सुबह करीब साढ़े 6 बजे हुआ है। हमले में 4 अन्य जवान घायल हुए हैं।

एनएससीएन क्या है?

नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड-खापलांग-युंग आंग नागा उग्रवादी संगठन है, जिसका आधार म्यांमार में है। यह मूलरूप से एसएस खापलांग के एनएससीएन (के) का धड़ा है, जो विभाजन के बाद युंग-आंग के नेतृत्व में एनएससीएन बना।

अमेरिका के टॉप 10 वांटेड अपराधियों में किया शामिल

एफबीआई ने बराड़ पर घोषित किया 10 लाख डॉलर का इनाम

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

गैंगस्टर सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ को एफबीआई ने अपनी 10 सबसे वांछित अपराधियों की सूची में शामिल किया है। एफबीआई ने खालिस्तानी अलगाववादी हरजीत सिंह निज्जर की हत्या सहित कई गंभीर अपराधों में शामिल बराड़ की जानकारी देने वाले को 10 लाख डॉलर (करीब 9.6 करोड़ रुपए) का इनाम देने की घोषणा की है। एफबीआई ने कहा कि गोल्डी बराड़ अमेरिका में है और उत्तरी अमेरिका में इस गिरोह का कथित सरगना है। बराड़ पर सबसे गंभीर आरोप जून 2023 में कनाडा में निज्जर की हत्या का है।



इन मामलों में शामिल है गोल्डी बराड़

एफबीआई के अनुसार, गोल्डी बराड़ राजनीतिक और धार्मिक नेताओं की हत्या, गोलीबारी, हत्या के प्रयास, अपहरण, रंगदारी, मारपीट तथा मादक पदार्थों और हथियारों की तस्करी जैसी गतिविधियों में कथित तौर पर शामिल है।

अमेरिका में पिछले 80 सालों का सबसे खतरनाक अपराधी

एफबीआई ने 28 सितंबर को गोल्डी बराड़ का नाम सूची में शामिल किया है, जिससे वह 1950 में शुरू हुई इस सूची के बाद से 10 सबसे वांछित अपराधियों की सूची में शामिल होने वाला 543वां भगोड़ा बना है। एजेंसी ने बताया कि गोल्डी बराड़ अमेरिका के 80 साल के अपराधियों में सबसे खतरनाक अपराधी है। वह अमेरिका और कनाडा से अपने गिरोह का संचालन कर रहा है।

कैंसर की दवाओं के 10 गुना अधिक दाम, कोर्ट ने 'लूट' करार दिया

कोर्ट ने पूछा- दवाओं पर 16 फीसदी 'मार्जिन' क्यों नहीं?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने अस्पतालों द्वारा कैंसर की दवाओं के मूल्य से 10 गुना अधिक दाम मरीजों से वसूले जाने पर मंगलवार को चिंता जताई। कोर्ट ने इसे 'लूट' करार दिया और सभी दवाओं पर एक समान 16 प्रतिशत 'मार्जिन' की हिमायत की। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने केंद्र सरकार से अस्पतालों द्वारा अपने ही दवाखाना से दवाइयां खरीदने को अनिवार्य बनाने के मुद्दे पर गौर करने का निर्देश देते हुए कहा कि इस व्यवस्था से आम आदमी को नुकसान हो रहा है। कोर्ट ने कहा, यह तो लूट है।

■ 12 अक्टूबर को सुनवाई केंद्र का जवाब सुनेगी पीठ



क्या है मामला

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की खंडपीठ दवाओं की कीमतों के नियमन, जेनेरिक दवाएं लिखने और मेडिकल डिवाइस की कीमतों पर नियंत्रण से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। मामला दवाओं के मूल्य नियंत्रण आदेश, 2013 के तहत कीमतों के नियमन से संबंधित है।

निजी अस्पताल तो उद्योग हैं, यह कोई सेवा नहीं

न्यायमूर्ति मेहता ने कहा कि बिना किसी संयोजन वाली सामान्य 'स्टेटिन' की कीमत 40 रुपए है, और एस्पिरिन के साथ संयोजन होने पर इसकी कीमत 70 रुपए हो जाती है। पीठ ने सॉलिसिटर जनरल से पूछा, ऐसा कैसे हो रहा है? निजी अस्पताल तो उद्योग हैं। यह कोई सेवा नहीं है। आम आदमी को यह सब क्यों भुगतना पड़े?

न्यायमूर्ति ने पूछा- कहां जाती है इतनी बड़ी रकम

न्यायमूर्ति मेहता ने सॉलिसिटर जनरल से कहा कि अगर कोई फार्मासिस्ट, जो बहुत दयालु हो, कहे कि वह जरूरतमंद को 2,700 रुपए में दवा देगा, तो मरीज सोचने लगेगा कि दवा असली है या नकली। उन्होंने कहा, सवाल यह है कि यह 10 गुना अधिक दाम क्यों? इतनी बड़ी रकम कहां जाती है? इससे किसे फायदा हो रहा है? पीठ ने कहा, आखिरकार, नुकसान ईमानदार करदाता का ही होता है। हम इस मामले की अच्छी तरह से पड़ताल करेंगे। यह समाज के एक बड़े हिस्से को प्रभावित करता है। पीठ ने कहा कि पहले तो कीमत का मामला है और उसके बाद चिकित्सकों के नैतिक तौर-तरीकों का।

चिंतन

सिर्फ मुनाफाखोरी न करें निजी अस्पताल

स्वास्थ्य सेवा को सिर्फ मुनाखोरी का कारोबार बनाने की प्रवृत्ति पर गंभीरता से अंकुश लगाने की जरूरत है। इलाज ऐसा बाजार नहीं हो सकता, जहां मरीज की मजबूरी को मुनाफे का अवसर मान लिया जाए। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीज और उसके परिवार के लिए दवा की कीमत जीवन-मरण का सवाल होती है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का यह सवाल बेहद महत्वपूर्ण है कि जिस कैंसर की दवा की खुदरा कीमत करीब 2,700 रुपये है, उसकी अधिकतम खुदरा कीमत यानी एमआरपी 27 हजार रुपये क्यों है? कीमत में दस गुना का यह अंतर केवल बाजार व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि उस व्यवस्था पर गंभीर सवाल है, जिसमें बीमारी से जूझता व्यक्ति सबसे कमजोर स्थिति में होता है। सुप्रीम कोर्ट ने निजी अस्पतालों के तौर-तरीकों पर भी सवाल उठाते हुए कहा है कि वे उद्योग की तरह काम कर रहे हैं। अस्पतालों की अपनी फार्मेसी से ही दवा खरीदने की मजबूरी हो या दवाओं पर अत्यधिक मार्जिन, हर स्थिति में अंतिम बोझ मरीज पर ही पड़ता है। जब मरीज के पास डॉक्टर की सलाह और अस्पताल की व्यवस्था पर भरोसा करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होता, तब कीमत को लेकर उसकी सौदेबाजी की क्षमता लगभग समाप्त हो जाती है। यही मजबूरी मुनाफाखोरी को और गंभीर बना देती है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि गंभीर बीमारियों का इलाज पहले ही परिवारों की आर्थिक कमर तोड़ देता है। कैंसर, हृदय रोग, किडनी और दूसरी लंबी अवधि की बीमारियों में दवाओं और जांच का खर्च महीनों, कई बार वर्षों तक चलता है। ऐसे में यदि किसी दवा की वास्तविक कीमत और उसकी एमआरपी में कई गुना अंतर हो तो यह केवल बाजार का मामला नहीं रह जाता। यह सार्वजनिक स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय का विषय बन जाता है। सरकार ने आवश्यक दवाओं की कीमत नियंत्रित करने के लिए ड्रग प्राइस कंट्रोल ऑर्डर-2013 लागू किया है। नेशनल लिस्ट ऑफ एसेंशियल मेडिसिन्स में शामिल दवाओं के लिए अधिकतम कीमत निर्धारित करने की व्यवस्था है। इसके बावजूद बड़ी संख्या में ऐसी दवाएं हैं, जिनकी कीमत पर सरकार का सीधा नियंत्रण सीमित है। यहीं से समस्या शुरू होती है। यदि दवा की शुरुआती एमआरपी तय करने में कंपनियों को व्यापक स्वतंत्रता मिले और उसके बाद अस्पताल अपने स्तर पर अतिरिक्त मार्जिन जोड़ें, तो मरीज तक पहुंचते-पहुंचते दवा की कीमत कई गुना बढ़ सकती है। इस पूरी श्रृंखला में पारदर्शिता और प्रभावी निगरानी जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने सभी दवाओं पर अधिकतम 16 प्रतिशत मार्जिन की सीमा तय करने की संभावना पर केंद्र से जवाब मांगा है। आधुनिक चिकित्सा उपकरण, विशेषज्ञ डॉक्टर, प्रशिक्षित कर्मचारी और चौबीस घंटे उपलब्ध सेवाओं पर खर्च होता है। इसलिए उचित सेवा शुल्क पर सवाल उठाना उचित नहीं होगा। सवाल तब खड़ा होता है, जब अस्पताल मरीज की मजबूरी को व्यावसायिक लाभ का साधन बना ले। जरूरत ऐसी पारदर्शी व्यवस्था की है, जिसमें दवा की खरीद कीमत, एमआरपी, अस्पताल का मार्जिन और मरीज से वसूली जाने वाली वास्तविक कीमत स्पष्ट हो। मरीज को यह जानने का अधिकार होना चाहिए कि उसे दी जा रही दवा की बाजार कीमत क्या है और अस्पताल उससे कितनी राशि ले रहा है। दवाओं की खरीद में मरीज को विकल्प देना भी जरूरी है। निजी अस्पतालों को मुनाफा कमाने का अधिकार हो सकता है, लेकिन सिर्फ मुनाफाखोरी करने का नहीं।



फैसला

रितीश उपाध्याय

गिरफ्तारी में न हो अधिकारों का हनन

पुलिस की गिरफ्तारी किसी व्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीधा असर डालती है, इसलिए कानून ने इसके लिए स्पष्ट सुरक्षा प्रावधान तय किए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने हालिया फैसले में इन अधिकारों को और स्पष्ट करते हुए कहा है कि गिरफ्तार व्यक्ति को गिरफ्तारी का आधार लिखित रूप में और समझ आने वाली भाषा में बताना जरूरी है। ऐसा नहीं करने पर गिरफ्तारी को असंवैधानिक माना जा सकता है। अदालत ने 24 घंटे के भीतर मजिस्ट्रेट के सामने पेश करने की संवैधानिक बाध्यता भी रेखांकित की है। यह फैसला आम नागरिक को पुलिस कार्रवाई के दौरान मिले अधिकारों और पुलिस की जवाबदेही, दोनों को समझने के लिहाज से महत्वपूर्ण है।

क्या आप जानते हैं कि अगर पुलिस आपको गिरफ्तार करने पहुंचे, तो आपके पास भी कुछ कानूनी अधिकार होते हैं? इसके साथ ही गिरफ्तारी के दौरान पुलिस को भी कुछ नियमों का पालन करना पड़ता है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट का एक फैसला आम आदमी के गिरफ्तारी से जुड़े अधिकारों की रक्षा के लिहाज से काफी अहम है। देश का सर्वोच्च न्यायालय समय-समय पर भारतीय संविधान के संरक्षक की भूमिका निभाता रहा है। कई मौकों पर आम नागरिक के मूल अधिकारों की रक्षा के लिए कई अहम फैसले लेता रहा है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए कहा है कि बिना लिखित आधार बताए की गई गिरफ्तारी असंवैधानिक और अवैध मानी जाएगी। सरल शब्दों में कहें तो यदि गिरफ्तारी का आधार आरोपी को लिखित रूप में नहीं दिया जाए तो वह गिरफ्तारी असंवैधानिक होगी और इसमें शामिल पुलिस अधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई होगी। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस प्रशासन को फटकार लगाते हुए असंवैधानिक गिरफ्तारी पर महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक दिशा-निर्देश दिए हैं। न्यायमूर्ति उज्जवल भुइयां एवं न्यायमूर्ति अतुल एस. चंदरकर की पीठ ने जसकरण जीत सिंह बनाम पंजाब राज्य में यह स्पष्ट किया है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 22(1) के तहत यदि गिरफ्तारी का कारण आरोपी को लिखित रूप में उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो वह गिरफ्तारी अवैध एवं असंवैधानिक होती है, और किसी भी तरह का निर्देश उल्लंघन गिरफ्तार व्यक्ति की तत्काल रिहाई का कारण बनेगा। साथ ही इस प्रकरण में शामिल पुलिस अधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई भी होगी। न्यायालय ने यह सुरक्षा अनुच्छेद 22(2) तक भी इसे विस्तारित किया है। अनुच्छेद 22(2) के अनुसार, गिरफ्तार व्यक्ति को 24 घंटे के अंदर निकटतम न्यायिक (यात्रा के आवश्यक समय को छोड़कर) मजिस्ट्रेट के समक्ष उपस्थित कराना आवश्यक है और यह आरोपी का अधिकार है।

जसकरण जीत सिंह को एक नाबालिग के साथ यौन उत्पीड़न के आरोप में पॉक्सो एक्ट 2012 एवं भारतीय न्याय संहिता 2023 के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया था। जब उन्हें मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया तो मजिस्ट्रेट ने मिहिर राजेश शाह बनाम महाराष्ट्र राज्य (2025) के निर्णय को आधार बनाकर इस गिरफ्तारी को अवैध घोषित किया और उनकी तत्काल रिहाई का आदेश दिया। इसका कारण यह था कि पुलिस ने हिरासत में लेते समय आरोपी को लिखित में कारण नहीं बताया था। मजिस्ट्रेट ने यह स्पष्ट किया कि संवैधानिक आवश्यकताओं को पूरा करने के बाद जांच एजेंसी उन्हें हिरासत में ले सकती है। जब यह मामला माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय पहुंचा तो न्यायालय ने इस आदेश पर रोक लगा दी। आरोपी ने इस स्थिति में सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। न्यायालय ने यह साफ कर दिया है कि गिरफ्तारी का आधार लिखित रूप में और ऐसी भाषा में उपलब्ध कराया जाना चाहिए, जिसे आरोपी समझ सकता हो। न्यायालय ने कहा कि इस अधिकार के किसी भी हनन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। न्यायालय के अनुसार गिरफ्तारी का कारण न बताने की वजह से अगर आरोपी



को रिहा किया जाता है और उसके बाद जांच एजेंसी को आरोपी की हिरासत में पूछताछ आवश्यक लगती है, तो पहले लिखित रूप में गिरफ्तारी के आधार स्पष्ट करने होंगे। इसके बाद मजिस्ट्रेट के समक्ष पुनः हिरासत हेतु आवेदन देना होगा। इस आवेदन में पुनः गिरफ्तारी की आवश्यकता और पहली गिरफ्तारी में आधार न बताए जाने का कारण लिखना होगा। ऐसे आवेदन पर संबंधित पुलिस अधिकारी को तत्काल वरिष्ठ अधिकारी का अनुमोदन भी आवश्यक होगा। ऐसे दोषी पुलिस अधिकारी के विरुद्ध अनिवार्य विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए हैं। न्यायालय ने साथ में यह भी कहा कि मामले के तथ्यों एवं परिस्थितियों के आकलन के पश्चात उच्च न्यायालय अनुच्छेद 22(2) के उल्लंघन के लिए लोक विधि संबंधी उपचार के रूप में क्षतिपूर्ति देने के निर्देश भी दे सकता है। भारत के संविधान ने अनुच्छेद 22(1) के तहत हर व्यक्ति, चाहे वह भारत का नागरिक हो या ना हो, उसे गिरफ्तारी संबंधित मौलिक अधिकार दिए हैं। यदि किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी होती है तो उसे उसकी गिरफ्तारी के कारणों से अतिशीघ्र अवगत कराना होगा, ऐसा नहीं करने पर उसे हिरासत में रखना गैर-कानूनी है। यह अनुच्छेद उसे यह अधिकार भी देता है कि ऐसी स्थिति में वह अपने पसंद के वकील से परामर्श कर सके और अपना विधिक प्रतिनिधित्व करा सके। सरल शब्दों में कहें तो अनुच्छेद 22(1) गैरकानूनी गिरफ्तारी से बचाव का हथियार है। हालांकि कुछ विशेष परिस्थितियों में, खास तौर पर सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखते हुए, इन अधिकारों पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है, जो कि संविधान के अनुच्छेद 22(3) से स्पष्ट होता है। संविधान के अनुसार दो परिस्थितियों में अनुच्छेद 22(1) में दिए गए अधिकारों पर रोक लगाई जा सकती है, पहला किसी विदेशी नागरिक पर जिसका देश उस समय भारत का शत्रु देश हो, दूसरा यदि किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी निवारक निरोध (प्रिवेंटिव डिटेंशन) के कानून के अंतर्गत हुई हो, ऐसे में उस व्यक्ति को 24 घंटे के अंतर्गत मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश करने या मनपसंद वकील से कानूनी सलाह लेने जैसे अधिकार नहीं मिल पाते हैं। हालांकि प्रिवेंटिव डिटेंशन के मामलों में भी संविधान कुछ सुरक्षा जैसे सलाहकार बोर्ड की समीक्षा का अधिकार देता है। इस प्रकार राज्य व्यक्तिगत स्वतंत्रता और राष्ट्र रक्षा के उत्तरदायित्व के बीच संतुलन बनाता है। अब बड़ा सवाल ये है कि अगर पुलिस आपको गैरकानूनी तरीके से गिरफ्तार करती है तो आप क्या एक्शन ले सकते हैं? आप अपनी गिरफ्तारी के कारणों को लिखित में जानने, अपने अधिवक्ता से परामर्श करने एवं 24 घंटे के अंदर न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किए जाने की मांग करें। ऐसे गैर-कानूनी हिरासत के विरुद्ध भारतीय संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत उच्च न्यायालय या फिर अनुच्छेद 32 के तहत सर्वोच्च न्यायालय में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर करें। परिस्थितियों के अनुसार पीड़ित व्यक्ति मुआवजे और संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग भी कर सकते हैं। गिरफ्तारी कानून लागू करने की प्रक्रिया है, लेकिन इसके नाम पर नागरिक के संवैधानिक अधिकारों की अनदेखी नहीं की जा सकती। सुप्रीम कोर्ट का फैसला पुलिस के लिए जवाबदेही और नागरिक के लिए कानूनी सुरक्षा का संदेश देता है। गिरफ्तारी का आधार बताना, समय पर मजिस्ट्रेट के सामने पेश करना और कानूनी सहायता का अवसर देना न्यायपूर्ण प्रक्रिया के जरूरी हिस्से हैं। कानून का पालन दोनों पक्षों के लिए समान रूप से जरूरी है।

(लेखक सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

जयंती पर विशेष

सच्चिदानंद वर्मा



गृहस्थ योगी के सर्वोत्तम उदारहण थे संत लाहिड़ी

19वीं शताब्दी के दक्षिण के संत त्रैलंग स्वामी जो बनारस में बस गए थे, उनसे उनके एक शिष्य ने पूछा कि आप इतने महान तपस्वी हो कर भी लाहिड़ी महाशय को इतना आदर क्यों देते हैं, त्रैलंग स्वामी का जबाब था कि लाहिड़ी महाशय एक दिव्य बिल्ली के बच्चे के सामान हैं, बिल्ली का बच्चा जैसे उसकी मां जहां उसे रख देती है। वहीं रहता है,उसी प्रकार लाहिड़ी महाशय भी जहां जगजननी उन्हें रख देती हैं, वहीं करते हैं। कर्तव्यपालन की खातिर सांसारिक मनुष्य की भूमिका निभाते हुए भी उन्होंने वह पूर्ण ज्ञान प्राप्त कर लिया है, जिसे प्राप्त करने के लिए मुझे अपने शरीर से वस्त्र तक त्याग देना पड़ा उनकी प्राप्ति लाहिड़ी महाशय ने गृहस्थ जीवन जीते हुए ही कर ली। यही उनकी महानता है। व्यावसायिक और सामाजिक कर्त्तव्यों को निभाते निभाते ध्यान धारणा का समय ही कहां मिलता है। आज के समय में प्रचलित इस प्रकार के सामान्य प्रतिवादों का खंडन करने के लिए परमहंस योगानन्द ने अपनी पुस्तक 'योगी कथामृत', में अपनी आध्यात्मिक यात्रा का वर्णन करते हुए, इस महान गुरु के जीवन से विश्व को परिचित कराया है। योगावतार के नाम से प्रसिद्ध लाहिड़ी महाशय न तो कोई संन्यासी थे और न ही कोई विरक्त। वे एक विवाहित गृहस्थ थे, जिनके पास परिवार और नौकरी की तमाम जिम्मेदारियां थीं। उनका जीवन यह सिखाता है कि सांसारिक दायित्वों को निभाते हुए भी व्यक्ति ईश्वर को प्राप्त कर सकता है और उच्च आध्यात्मिक अवस्था तक पहुंच सकता है। कमल के समान इस संसार की दलदल से पृथक, आंतरिक वैराग्य के साथ ईश्वरीय चेतना में रहने वाले इस महान गुरु ने आश्वस्त किया कि ईश्वर की प्राप्ति आत्म प्रयास से ही संभव है। इस महान गुरु का जन्म 30 सितम्बर 1828 को योगावतार श्यामाचरण लाहिड़ी (1828-1895) के रूप में घुरणी, बंगाल में हुआ था। सन 1846 में उनका विवाह काशीमणि के साथ हुआ। इसके बाद उन्होंने वैदिक अनुशासन के अनुसार गृहस्थाश्रम का पालन किया। इस विवाह युति से चार सन्तानों का जन्म हुआ। उन्होंने वाराणसी के पवित्र नगर में एक अकाउंटेंट के रूप में साधारण जीवन व्यतीत किया। 37 साल की आयु में सन 1861 में हिमालय के रानीखेत पर्वतों में अमर गुरु महावतार बाबाजी से पहली बार उनकी भेंट हुई थी। यह भेंट वस्तुतः गुरु और शिष्य के मध्य विद्यमान शाश्वत बन्धन का पुनर्जागरण था। बाबाजी ने श्यामाचरण को क्रियायोग की पवित्र दीक्षा प्रदान की। युवा लाहिड़ी महाशय गुरुदेव के चरणों में निरन्तर सात दिनों तक निर्विकल्प समाधि के आनन्द में निमग्न रहे। आठवें दिन उन्होंने बाबाजी से प्रार्थना की कि वे उन्हें उन निर्जन पर्वतों में सदैव अपने साथ ही रहने दें। लेकिन बाबाजी ने उनसे कहा कि तुम्हारा जीवन आदर्श गृहस्थ-योगी का उदाहरण बनकर शहरों की भीड़भाड़ के बीच रहने के लिए है। तुम्हें सच्चे जिज्ञासुओं को क्रियायोग के माध्यम से आध्यात्मिक दिलासा देने के लिए चुना गया है। लाहिड़ी महाशय ने सच्चे जिज्ञासुओं अमीर-गरीब, राजा-रंक, या ऊंच-नीच का भेद किए बिना सभी को क्रियायोग में दीक्षित करना आरम्भ किया। यह प्राचीन प्रविधि, जैसा कि परमहंस योगानन्द ने कहा है, सीधे प्राण-शक्ति पर काम करती है, शारीरिक क्षय को धीमा करती है और आध्यात्मिक उन्नति को तीव्र करती है। लाहिड़ी महाशय ने गृहस्थ जीवन का अनुसरण करते हुए संतुलित जीवन का सर्वोत्तम उदाहरण आज के युग के लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया। ईश्वर की आंखों में तो वे सिद्ध पुरुष थे ही, साथ ही मानव जीवन के नाटक में भी उन्होंने पूर्ण सफलता प्राप्त की थी। योगावतार के रूप में अत्यन्त सम्मानित, लाहिड़ी महाशय ने संसार को क्रियायोग की एक स्थायी विरासत प्रदान की, जो एक ईश्वर-प्रदत्त मुक्ति की प्रविधि है। लाहिड़ी महाशय के डायरियों पर आधारित एक पुस्तक पुराण पुरुष में यह संभावना जताई गई है साईं बाबा लाहिड़ी महाशय से क्रिया दीक्षा लेकर शिरडी चले गए थे। इसी पुस्तक के अनुसार उनके मुस्लिम शिष्य अब्दूल गफूर, हलवाई विंदा जैसे गरीब लोग भी थे, वहीं काशी नरेश, ईश्वरी प्रसाद, नेपाल नरेश,कश्मीर नरेश व वर्धमान के राजा कालीकृष्ण ठाकुर जैसे बड़े लोग भी शिष्य थे। लाहिड़ी महाशय के प्रमुख शिष्यों में से एक थे ज्ञानावतार स्वामी श्रीयुक्तेश्वर, जो गहन ज्ञान के धनी थे और जो बाद में परमहंस योगानन्द के गुरु बने। परमहंस योगानन्द क्रियायोग विज्ञान के विश्व के महानतम प्रचारक बने। ये सभी वृतांत दर्शाते हैं कि लाहिड़ी महाशय केवल एक योगी नहीं थे, बल्कि आधुनिक युग के योगावतार थे जिन्होंने गृहस्थ जीवन को आध्यात्मिक साधना का सर्वोत्तम उदाहरण बनाया।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

हम अपने भीतर अच्छा स्वास्थ्य कैसे लाएं?



संकलित

दर्शन

क्या आप सचमुच स्वस्थ हैं? स्वास्थ्य का अर्थ है, रोग-मुक्त शरीर, कंपन-मुक्त श्वास, तनाव-मुक्त मन, संकोच-मुक्त बुद्धि, आसक्ति-मुक्त स्मृति, समावेशी अहंकार और दुःख से मुक्त आत्मा। समग्र स्वास्थ्य के लिए व्यायाम, श्वास और ध्यान का अभ्यास आवश्यक है। श्वास ही जीवन है। हमारा जीवन हमारी श्वास में है। यदि कोई श्वास नहीं ले रहा, तो इसका अर्थ है- वहां जीवन नहीं है। ध्यान, प्राणायाम और योगिक अभ्यासों का मुख्य उद्देश्य प्राण या जीवन ऊर्जा को बढ़ाना है। दरअसल प्राण भावनाओं से भी अधिक सूक्ष्म होता है। जब हम सूक्ष्म स्तर पर ध्यान देते हैं, तो स्थूल स्वतः ठीक हो जाता है। जब आप श्वास को संभालते हैं, तो शरीर स्वस्थ हो जाता है। यदि आपकी श्वास गरम, हिलती-डुलती, असमान या असहज है, तो यह रोग का संकेत है। श्वास का पैटर्न शरीर में उपस्थित विषाक्त तत्त्वों और संभावित रोगों की सूचना देता है। हमारी श्वास में अनेक रहस्य छिपे हैं। क्योंकि मन की हर भावना के साथ श्वास की एक विशेष लय जुड़ी होती है। हर लय शरीर के किसी विशेष भाग को प्रभावित करती है। जरा ध्यान से देखें। जब हम प्रसन्न होते हैं तो विस्तार का अनुभव होता है और जब दुखी होते हैं तो संकुचन का। हम इन अनुभूतियों को तो महसूस करते हैं, पर उनके बीच संबंध को नहीं पहचानते। इसलिए जब आप सीधे मन को नियंत्रित नहीं कर पा रहे हों, तो श्वास के माध्यम से मन को नियंत्रित किया जा सकता है।

नई बातें सीख पाएंगे तो व्यक्तित्व में निखार आएगा



संकलित

प्रेरणा

एक गरीब व्यक्ति अर्जुन के पास पहुंचा और बोला कि कोई चोर उसकी गाय चुराकर ले गया है। मेरी मदद करें। अर्जुन उस व्यक्ति की मदद के लिए अपने धनुष-बाण लेने युधिष्ठिर-द्रौपदी के कमरे में चले गए। अर्जुन ने उस गरीब की मदद तो कर दी, लेकिन पांडवों का बनाया हुआ नियम तोड़ दिया। ये नियम तोड़ने के लिए अर्जुन को वनवास जाना पड़ा। अर्जुन 12 वर्षों के लिए अकेले ही वनवास के लिए निकल पड़े थे। वे वन-वन घूम रहे थे। अर्जुन ने तय किया कि मुझे इस वनवास में तपस्या करके अपने व्यक्तित्व को और निखारना चाहिए। उन्होंने सोचा कि मुझे वन में दुखी नहीं होना चाहिए, बल्कि नए लोगों से मिलकर कुछ नया सीखना चाहिए। वनवास के समय में एक श्रीकृष्ण और अर्जुन की मुलाकात हुई। अर्जुन ने पूरी बात श्रीकृष्ण को बता दी। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम मेरे साथ द्वारका चलो। अर्जुन ने कहा कि मुझे तो वनवास में ही रहना है। मैं वन से बाहर नहीं जा सकता। श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा कि वन में घूमो और नए-नए स्थानों का, नई-नई विद्याओं का ज्ञान प्राप्त करो। जब हम यात्रा में होते हैं, तब हमें लगातार नया सीखते रहने की कोशिश करनी चाहिए। तभी यात्रा का लाभ मिल सकता है। वन तो तुम देख चुके हों, अब मैं तुम्हें द्वारका इसीलिए ले जा रहा हूं, ताकि तुम एक ऐसी नगरी देख सको, जहां तुम्हें और नई बातें सीखने को मिलेगी। द्वारका में योग में भोग और भोग में योग देखने को मिलेगा। तुम्हें द्वारका में बहुत बड़ा संदेश मिलेगा। श्रीकृष्ण की बातें मानकर अर्जुन द्वारका चले गए।

अंतर्मन



आज की पाती

गलत खान-पान का शिकार होता दिल

स्वास्थ्य ही सच्चा धन होता है, लेकिन अफसोस आज हमने आधुनिकता और भौतिकतावाद की अंधी दौड़ में इस सच्चे धन की परवाह करना ही छोड़ दिया है, इस कारण आज दुनिया में जानलेवा बीमारियों का दायरा बढ़ता जा रहा है, विशेषज्ञ बताते हैं कि दुनियाभर में बहुत से लोगों की मौत हार्ट अटैक से होती है। आज दुनियाभर में दिल की बीमारी के मरीजों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है और इसका शिकार अब उम्रदराज लोग ही नहीं, बल्कि युवा और बच्चे भी हो रहे हैं। अगर दिल की बीमारियों से बचना है तो इसके लिए सबसे पहले अपने खान-पान और जीवनशैली पर ध्यान देना होगा, चिंता और तनाव से बचना होगा, प्रकृति के साथ जुड़ना होगा और साफ सफाई का भी ख्याल रखना होगा।

- पंकज वर्मा, बलौदाबाजार

ट्रेंड

बहुत-बहुत बधाई, चैंपियन!



नीरू को हार्दिक बधाई, जिन्होंने एशियन गेम्स में महिला ट्रैप की व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। आपकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर पूरे देश को गर्व है। बहुत-बहुत बधाई, चैंपियन!

-अमित शाह, गृह मंत्री

अनाज उत्पादन लक्ष्य तय



अल नीनो सके वैज्ञानिक आकलन के आधार पर, फसल वर्ष 2026-27 के लिए 37 करोड़ 39.3 लाख टन का कुल राष्ट्रीय अनाज उत्पादन लक्ष्य तय किया गया है, जिसमें रबी सत्र का 17 करोड़ 77.2 लाख टन का लक्ष्य शामिल है। **-शिवराज सिंह चौहान,** कृषि मंत्री

'वोट चोरी' हो रही



देश में चुनावों में ईवीएम और मतदाता सूची से जुड़ी 'मैच फिक्सिंग' हो रही है, जिसके खिलाफ पार्टी को संसद से लेकर सड़क तक विरोध के साथ-साथ प्रतिरोध के रास्ते से पीछे नहीं हटना चाहिए। 'प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के इशारे पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा खुलेआम 'वोट चोरी' को अंजाम दिया गया है। **-राहुल गांधी,** कांग्रेस सांसद

समायोजित होंगे अग्निवीर



'महाराष्ट्र ने फैसला किया है कि अग्निवीरों को राज्य सरकार के पुलिस और इसी तरह के अन्य पदों पर समायोजित किया जाएगा।' उन्हें दोबारा भर्ती परीक्षा देने या नया प्रशिक्षण लेने की जरूरत नहीं होगी, क्योंकि वे चार साल की सेवा के दौरान पहले ही परीक्षा और प्रशिक्षण से गुजर चुके हैं।

-देवेंद्र फडणवीस, सीएम महाराष्ट्र

करंट अफेयर

एआई सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं 'फर्जी खबरें' नहीं : पोप लियो

पोप लियो-14 ने सोमवार को कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) के अनियंत्रित होने की चिंताएं 'फर्जी खबरें' नहीं हैं और इन्हें गंभीरता से लिया जाना चाहिए। पोप लियो ने इस बात पर बल दिया कि एआई विशेषज्ञों द्वारा उठाई गई सुरक्षा संबंधी चिंताओं पर चर्चा की जानी चाहिए और उन्हें दूर करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए। पोप ने अपना पहला पोप परिपत्र (एन्साइक्लिकल) एआई और इसके प्रभाव से 'मानवता की रक्षा' करने के विषय को समर्पित किया था। फ्रांस से लौटते समय विमान में आयोजित संवाददाता सम्मेलन के दौरान उनसे पूछा गया कि एआई को मानवता के लिए विनाशकारी जोखिम बनने से रोकने के लिए विशेष रूप से अमेरिका और चीन को क्या कदम उठाने चाहिए। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एआई के अनियंत्रित होने की चिंताओं को महज 'हौवा' बता चुके हैं। फ्रांस की यात्रा से लौट रहे पोप ने पत्रकारों से कहा, 'मुझे लगता है कि यह ऐसा मुद्दा है जिस पर हमें गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। हम हाथ पर हाथ रखकर यह नहीं मान सकते कि कुछ नहीं होने वाला है। ट्रंप एआई तकनीक के प्रबल समर्थक रहे हैं और अक्सर कहते रहे हैं कि इस प्रौद्योगिकी की दौड़ में अमेरिका को चीन से आगे रहना चाहिए।



ऑफ बीट

क्या मोबाइल को पूरी रात चार्ज करना सुरक्षित है?

सोने का समय हो गया है। आपने अलार्म लगाया और देखा कि आपके फोन की बैटरी केवल 23 प्रतिशत रह गई है, तो आपने उसे बिस्तर के पास चार्जर से जोड़ा और सो गए। सुबह तक फोन करीब सात-आठ घंटे चार्जर से जुड़ा रहा जबकि उसे 100 प्रतिशत तक पहुंचने में, खासकर फास्ट चार्जर से चार्ज करने पर इतना समय लगाने की जरूरत नहीं थी। शायद यह बात आपके जहन में हो कि फोन को इस तरह लंबे समय तक चार्ज करने से उसकी बैटरी खराब हो सकती है। 'लिथियम-आयन' बैटरियों को दोबारा चार्ज करने योग्य बनाने वाली रासायनिक प्रक्रिया की एक सीमित उम्र होती है और बार-बार चार्ज-डिस्चार्ज होने के चक्र से यह उम्र कम होती जाती है। पहले सलाह बिल्कुल स्पष्ट हुआ करती थी कि फोन को रातभर चार्जिंग पर न छोड़ें और बैटरी की उम्र बढ़ाने के लिए उसे 100 प्रतिशत तक चार्ज करने से बचें। आदर्श रूप से बैटरी को 20 प्रतिशत से 80 प्रतिशत के बीच रखना चाहिए। सैद्धांतिक रूप से यह सलाह अब भी सही है, क्योंकि आपके फोन के भीतर मौजूद बैटरी की मूल रासायनिक संरचना में बदलाव नहीं हुआ है। बैटरी को बार-बार पूरी तरह शून्य प्रतिशत तक खत्म करना और फिर 100 प्रतिशत तक चार्ज करना उसकी उम्र कम कर देगा।



अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।



अक्टूबर में थिएटर में आएगा इन साउथ फिल्मों का तूफान

नई दिल्ली। अक्टूबर 2026 की शुरुआत होने वाली है। उए महीना शानदार फिल्मों से भरा होने वाला है। अगर साउथ सिनेमा की बात करें तो इस महीने में एक या दो नहीं, बल्कि 11 जबरदस्त फिल्में थिएटर पर दस्तक देंगी। मलयालम तमिल और तेलुगू फिल्मों का धमाका होने वाला है। रोमांस, एक्शन, कॉमेडी और जबरदस्त थ्रिलर इन फिल्मों में देखने के लिए मिलने वाला है।

बथ्था : बथ्था नाम की एक तमिल फिल्म थिएटर में दस्तक देने वाली है। ये एक एक्शन ड्रामा-थ्रिलर फिल्म होने वाली है। इस फिल्म में विजय सेतुपति और बालाजी थारानीथ्रण अहम रोल में नजर आएंगे। फिल्म 1 अक्टूबर गुरुवार को थिएटर में दस्तक देगी।

येझू कदाल येझू मलाई : येझू कदाल येझू मलाई नाम की एक और तमिल फिल्म 1 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। फिल्म की कहानी दो अनजान शख्स की जर्नी की है। इस फिल्म में निविन पॉली, सूरी ने काम किया है। फिल्म 1 अक्टूबर को रिलीज हो रही है।

सिग्मा : सिग्मा नाम मी एक तमिल फिल्म आ रही है। ये जबरदस्त एक्शन से भरी एक एडवेंचर फिल्म होने वाली है जिसमें संदीप किशन लीड रोल में दिखेंगे। इसका डायरेक्शन जेसन संजय ने किया है। फिल्म 2 अक्टूबर को थिएटर में रिलीज हो रही है।

डोंट ट्रबल द ट्रबल : डोंट ट्रबल द ट्रबल एक तेलुगू फिल्म है जिसमें फहद फासिल लीड रोल में दिखेंगेहैं। फिल्म में जबरदस्त कॉमेडी और एक्टर्स नजर आने वाले हैं। 2 अक्टूबर को थिएटर में होगा धमाका।



अंबिल अवान : अंबिल अवान एक नवविवाहिता जोड़े की कहानी है। दोनों एक मुसीबत में फंस जाते हैं। फिल्म में एक्शन और रोमांस भर भर के देखने को मिलने वाला है। इस फलम में अशोक सेल्वन और प्रीति मुकुंदन ने लीड रोल निभाया है। फिल्म 2 अक्टूबर को रिलीज हो रही है।

बेल : फिल्म बेल एक पुलिस ऑफिस की कहानी है जो मिलनसार होता है। लेकिन एक घटना उसका पूरा जीवन बदल देती है। इस फिल्म में संजना आनंद, गोपालकृष्ण देशपांडे और रमेश इंदिरा जैसे एक्टर्स अहम किरदारों में नजर आएंगे। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर।

आदर्श कुटुम्बम : आदर्श कुटुम्बम हाउस नंबर 47 नाम की फिल्म में एक्टर वेंकटेश ने लीड रोल निभाया है। इस तेलुगू फिल्म की कहानी हाउस नंबर 47 में रहने वाले एक परिवार की है। फिल्म एक्शन और क्राइम से भरी हुई है। इस फिल्म को आप 9 अक्टूबर को थिएटर में देख सकते हैं।

विश्वंभरा : विश्वंभरा नाम की एक फिल्म आ रही है। इस फिल्म की कहानी एक पौराणिक कथाओं पर आधारित है। फलम में देवी देवताओं , राजकुमार और परलोक की दुनिया को दिखाया गया है। ये फिल्म 16 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। फिल्म में आशिका रंगनाथ, चिरंजीवी, मौनी रॉय लीड रोल में दिखेंगी।

राणाबली : *विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की शादी के बाद साथ में पहली फिल्म राणाबली रिलीज हो रही है। ये फिल्म 1870 के दशक के एक योद्धा की कहानी है जिसने ब्रिटिश के लोगों से टक्कर ली थी। फिल्म 16 अक्टूबर को रिलीज हो रही है।*

अप्पा कुट्टी : *अप्पा कुट्टी नाम की एक तमिल फिल्म आने वाली है। फिल्म की कहानी एक फैमिली ड्रामा है जो एक्शन और से भरपूर है। अपनी बेटी की सुरक्षा के लिए एक पिता क्या कदम उठता है ये उस बारे में हैं। फिल्म 16 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। इस फिल्म में विजय एंटोनी और प्रीति असरानी हैं।*

टाइटन्स : *टाइटन्स नाम की एक मलयालम फिल्म इस अक्टूबर, 2026 में दस्तक देने वाली है। फिल्म के नाम और पोस्टर से तो ये एक एक्शन फिल्म लग रही है। लेकिन असल में ये एक फैंटसी कॉमेडी ड्रामा है। फिल्म में जयसूर्या, विनायाकन दिखेंगे। ये फिल्म 22 अक्टूबर को थिएटर में रिलीज हो रही है।*

ब्लैक गाउन में बिखेरा जलवा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पेरिस फैशन वीक से अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन की कई तस्वीरें और वीडियो सामने आई हैं, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इनमें एक्ट्रेस का शानदार अंदाज देखने को मिल रहा है। बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन एक बार फिर अपने शानदार अंदाज को लेकर चर्चा बनी हुई हैं।

दरअसल, एक्ट्रेस 28 सितंबर को पेरिस फैशन वीक इवेंट का हिस्सा बनीं, जहां से अब उनकी कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं। ऐश्वर्या राय ने एफिल टावर के सामने प्लेस जोफ्रे में केंडल जेनर और ईवा लोंगोरिया जैसी ग्लोबल आइकन्स के साथ रैंप वॉक किया। बता दें कि इस साल शो की थीम 'वॉक यॉर वर्थ' थी, जो आत्मविश्वास, विविधता और महिलाओं की एकजुटता का जश्न मनाती है। ब्यूटी ब्रांड की लंबे समय से ग्लोबल एंबेसडर रहीं ऐश्वर्या ने लोरियल पेरिस के 'ले डीफिल' के नौवें संस्करण में हिस्सा लिया। इस दौरान अभिनेत्री शाही अंदाज में नजर आईं।



उन्होंने डिजाइनर यारा शूमेकर का बनाया हुआ शानदार ब्लैक वेलवेट गाउन पहना था। अपने लुक को पूरा करने के लिए अभिनेत्री ने बालों को कर्ल किया और टियारा भी लगाया। वहीं, उन्होंने ड्यूई मेकअप और रेड लिपस्टिक के साथ अपने लुक को पूरा किया। इस सितारों से सजे शो में ऐश्वर्या ने सिमोन ऐश्ली, वियोला डेविस, जेन फोंडा और सेलीन डियोन सहित कई इंटरनेशनल को-एंबेसडर्स के साथ रैंप शेयर किया। शाम का एक खास पल तब देखने को मिला, जब ऐश्वर्या और सेलीन डियोन ने एक-दूसरे का हाथ थामा, गर्मजोशी से गले मिलीं और किस किया। इसके बाद दोनों ने स्टेज पर अचानक डांस भी किया।



अब 'पायर' सिनेमाघरों में देगी दस्तक

नई दिल्ली। उत्तराखंड के कुमाऊं की खूबसूरत वादियों में बसे एक बुजुर्ग दंपति की कहानी अब बड़े पर्दे पर देखने को मिलेगी। नेशनल अवॉर्ड विजेता फिल्ममेकर विनोद कापड़ी की फिल्म 'पायर' जल्द सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म अब तक 18 अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी है। फिल्म में 80 साल के पदम सिंह कापड़ी और 70 साल की हीरा देवी पहली बार अभिनय करते नजर आएंगे। फिल्म प्यार, अकेलेपन, यादों और बच्चों के पलायन के बीच माता-पिता के इंतजार की कहानी बयां करती है। 'पायर' 23 अक्टूबर को पूरे भारत के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इसमें कुमाऊं क्षेत्र के एक दूरदराज गांव की पृष्ठभूमि पर बनी एक बुजुर्ग दंपति की कहानी देखने को मिलेगी, जिनकी जिंदगी उनके घर, पुरानी यादों और एक-दूसरे के इर्द-गिर्द घूमती है।



दृश्यम-3 के साथ रिलीज होगी प्रेम कीटाणु

मुंबई। 2 अक्टूबर को गांधी जयंती है और इस मौके पर सिनेमाघरों में 2 फिल्मों के बीच दिलचस्प मुकाबला देखने को मिलेगा। इस लंबे वीकेंड पर एक तरफ सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर 'दृश्यम 3' रिलीज हो रही है, तो दूसरी ओर 'प्रेम कीटाणु'जैसी हल्की-फुल्की रोमांटिक कॉमेडी दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। दोनों फिल्मों का जॉनर और टारगेट ऑडियंस काफी अलग है, ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर इनकी टक्कर देखना दिलचस्प होगा। फिल्म में एक बार फिर सस्पेंस, फैमिली ड्रामा और विजय की नई चाल देखने को मिलेगी। 'दृश्यम' फ्रेंचाइजी की पिछली फिल्मों को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। 'दृश्यम 3' के बिल्कुल उलट 'प्रेम कीटाणु' दर्शकों को हल्का-फुल्का और रोमांटिक मनोरंजन देने वाली है।



परब विशेष

डा. ज्योति किरण चंद्राकर

अंचल में पितरों को स्मरण करते हैं पितृ तर्पण से

आश्विन माह में पितृपक्ष का विशेष महत्व हिंदू धर्म में माना जाता है । पितृ पक्ष में पूर्वजों को विधि- विधान से तर्पण करना पितृ तर्पण कहलाता है ।छत्तीसगढ़ में विधि विधान से पितृ तर्पण अश्विन माह के कृष्ण पक्ष में पूर्णिमा से अमावस्या तक 15 दिनों तक किया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार पितृ पक्ष के दौरान पूर्वज कुटुम्ब जनों से मिलने स्वर्ग से धरती पर आते हैं, व उन्हें आशीष देते हैं। पितृ पक्ष के पहले दिन को पीतर बैसकी व अंतिम दिन को पीतरखेदा कहा जाता है। पितृ पक्ष में कोई मांगलिक कार्य नहीं किया जाता। तथा महिलाओं को नई साड़ी, नया आभूषण, नई चूड़ी पहनना वर्जित होता है। साथ ही गर्म पानी में कपड़े डूबाना, सूप जतली बजाना, पटक कर कपड़ा धोना



निषिद्ध होता है । प्रथम बार पितृ तर्पण करने को पीतर मिलाना कहा जाता है। सभी महिलाओं का तर्पण नवमी के दिन किया जाता है जिसे मातृनवमी कहा जाता है । पितृपक्ष के प्रथम दिन से पूरे 15 दिनों तक प्रातःकाल ओरी लीपा जाता है ।घर के आँगन में गोबर से चौकोर लिपकर चाँवल आटे से चौक बनाकर फूल वह भीगी उड़द के दाल को छिड़क कर लोटे में पानी रखा जाता है। बिना नमक का बड़ा तर्पण किया जाता है,व पितरों का आह्वान व पूजन किया जाता है। बडा, पूरी व मालपुआ का छोटा-छोटा टुकड़ा छप्पर में भी रखा जाता है ,ताकि कौवा व अन्य पक्षी पितर के रूप में आकर ग्रहण करें।पितृपक्ष के 15 वे दिन को पीतरखेदा कहा जाता है ,जो कि अमावस्या के दिन पड़ता है। इस दिन 15 दिनों का होम ,बड़ा, बोबरा व पूरी को पोटली मे बाँधकर उसमें पैसे डालकर तालाब में विसर्जित किया जाता है। ऐसा लोक विश्वास है कि यह सामग्री पितरों को प्राप्त होता है ।

शिलाचित्र

डा. आशीषधर दीवान

एक अलग पहचान है बसनाझर शिलाचित्र का



बसनाझर शिलाचित्र में पशु पक्षियों के चित्रों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक है। इस वर्ग में भागते हुए हिरण, नीलगाय, सांभर, हाथी, गेंडा, खरगोश, चूहे, बकरी, बैल, गोह, छिपकली, वराह आदि के चित्र हैं। इन चित्रों की विशेषता है कि इनमें गतिशीलता झलकती है। एक स्थान पर मानव द्वारा दौड़ाते हुए हिरण को शिकार का चित्रण बहुत ही सुन्दर है। यहां पर हिरण को गतिमान प्रदर्शित किया गया है। उसके सामने मानव खड़ा है, उसके दाहिने हाथ में भाले की आकृति का शस्त्र लिए हिरण पर आक्रमण कर रहा है। एक अन्य स्थान पर जंगली सूअर का मानव के प्रति भयभीत होने का भाव दर्शाया गया है। मानव की आकृति आयताकार रूप में प्रदर्शित की गई है तथा शरीर को काटती हुई आकृतियों से भरा गया है, मानवों के दोनों हाथ भय के कारण फैले हुए हैं। यह स्थल अनेक तरह के चित्रों से भरा पड़ा है जो कुछ न कुछ सन्देश देते प्रतीत होते हैं। आज भी यह स्थल दर्शनीय और शोभनीय है तथा रहस्यों को जानने और समझने दूर दूर से लोग आते रहते हैं।

लोक साहित्य

जीवन यदु

लोक साहित्य में भावों की अभिव्यक्ति



व्यक्ति रचित रचना समूह के कंठों से होती हुई अपने वास्तविक रूप से अलग हो जाती है। वस्तुतः लोक साहित्य भी व्यक्तियों द्वारा रचा जाता है। परन्तु वह रचयिता व्यक्ति अपने सम्पूर्ण क्षेत्र, समाज का प्रतिनिधि मात्र होता है। यदि लोक समाज भाव राशि है तो रचयिता व्यक्ति अभिव्यक्ति का माध्यम प्रायः लोक गीतों की मंडली में देखा जाता है कि एक व्यक्ति स्वर उठाता है और शेष श्रोता समाज उसे सहारा देता चलता है। समूह अपनी अपनी स्थितियों के मुताबिक उस रचना में शब्द जोड़ता तोड़ता है। उदाहरण के तौर पर छत्तीसगढ़ क्षेत्र में गाए जाने वाले ददरिया लोक गीत की पंक्तियां रखी जा सकती है। आजादी के पूर्व उस गीत की पंक्तियां थी -

चढ़े बमलाई दिखत हे हरियर।
पान वाला नई दिखय बदे हौ नरियर।

आजादी के बाद देश की स्तिथियों में परिवर्तन आया। कई उतार चढ़ाव आए तो यह गीत निम्न तरह गाया जाने लगा -

चढ़े बमलाई दिखत हे हरियर।
टोपी वाला नई दिखय बदे हो नरियर।

नीचे की पंक्ति में केवल एक शब्द ही बदला है, लेकिन व्यंजना पूरी तरह बदल गई है। पर्वतीय इलाके और वन स्थलों में इस गीत में चढ़े बमलाई के स्थान पर डोंगरी पहाड़ मिलता है। लोक साहित्य के लम्बे कथात्मक गीतों में गायक अपने अनुसार शब्द डालते चलते हैं, उन्हें केवल गीत की धुन और शब्द याद रहती है। वे वर्तमान स्थितियों को कथा के भूतकाल से मिलाते हुए चलते हैं। इस तरह इसमें होने वाले परिवर्तन काल के दोनों आयाम अतीत और वर्तमान का स्पर्श करते हैं।

लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**



संस्कृति

राम कुमार वर्मा

घर के मुखिया का दायित्व निर्वहन के लिए होती है पगबंधी

'बिना पाल के नौका और बिना पतवार डोंगा के डोंगहार के डोंगा की स्थिति सदैव डगमगाने की होती है। थोड़ी-सी पानी की धारा व लहरों वह उसकी दिशा बदल जाती, पानी में डूब भी जाती है। ऐसे में यात्री अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पाते हैं। यही स्थिति मुखिया के बिना घर-परिवार की भी होती है। घर के कुशल संचालन, बच्चों की देखरेख, घर की सुख-समृद्धि के लिए निरंतर कामकाज करने की प्रेरणा देने के लिए एक मुखिया की आवश्यकता होती है। इसी बात को ध्यान रखते हुए हमारे पुरखों ने किसी घर के मुखिया की आकस्मिक मृत्यु हो जाने विशेष रुप से घर के बड़े-बुजुर्गों या मुखिया की मृत्यु हो जाने के बाद दशगात्र के दिन घर के पुरुषों यानी की दिवंगत के छोटे भाई, बड़ा बेटे के सिर पर समधी सजनों सहित अन्य नाते रिश्तेदारों, मेहमानों द्वारा नई धोती बांध कर 'पगबंधी' का नेंग घर के आंगन में अवश्य करते हैं। इसका सीधा-सा अर्थ है-ऱमुड़ में पागा बांधना' अर्थात 'जो घर का मुखिया होता है, उसे घर संचालन की पूर्ण और सार्वजनिक रुप से जिम्मेदारी सौंपना।ऱ कुछ जाति-समुदाय के लोगों ने अपने को आधुनिकता की ओर उन्मुख करते हुए इस



रस्म को भले ही बंद कर दिया है या नकार दिया है, पर संयुक्त परिवार एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न जाति- समुदायों में आज भी पगबंदी रस्म दशगात्र के दिन किया जाता है। जब तालाब से लोग स्नान करके घर लौटते हैं, तब स्वर्गवासी को सामुहिक रुप से श्रद्धांजलि देने के पश्चात घर के मुखिया को जमीन को गोबर से लीपकर, चांवल आटे से सुवासीन डंडा चौक पुर कर उसके ऊपर लकड़ी का पाटा रखकर ,कलश की स्थापना की जाती है। उसके चारों ओर उनके समधी-सजन आदि को सिर पर भाग बांध कर बैठाया जाता है। फिर क्रमशः समधियानों और अन्य परिजन घर के मुखिया के सिर पर परत-दर-परत नए कपड़े, धोती, साफा आदि से पागा बांधते चले जाते हैं। इस तरह से उनका पागा बहुत बड़ा हो जाता है अर्थात उसकी जिम्मेदारी अंतर बढ़ती जाती है। यह इस बात का संकेत होता है कि जिस तरह से आपके सिर पर पर-दर-परत कपड़े लपेटकर पागा बड़ा हो गया है अर्थात घर के मुखिया के दिवंगत हो जाने पर अब आपकी जवाबदारी सभी सदस्यों की देखरेख, लालन पालन, घर की सुख-समृद्धि, खुशहाली, सुरक्षा आदि की पूर्ण जिम्मेदारी आपके ऊपर है। परंपरा से प्रचलित इस 'बाल गीत' में भी इसी रस्म का उल्लेख बच्चों के मुख से बड़ी मौलिकता के साथ मुखरित होता हैः-

अटकन मटकन दही चटाकन,
लउहा लाटा बन मं कांटा।
चुहर चुहर पानी बरसे,
सावन में बुंदेला पाके।।
चल चल बेटी गंगा जाबो,
गंगा ले गोदावरी।
पाका पाका बेल खाबो,
बेल के डारा टूट गये।।
भरे कटोरा फूट गे,
टूरी टूरा जूझ गें।
आठ नांगा पागा,
गोलार सिंग राजा।।

इसी भावना से आज भी छत्तीसगढ़ में विभिन्न जाति-समुदाय में दशगात्र के दिन 'पगबंधी' का रस्म अवश्य करते हैं। इसके पश्चात ही 'शांति भोज' ग्रहण किया जाता है।

पर्यटनः घनश्याम नाग

प्राकृतिक सौंदर्य के स्थलों में पावड़ा



बस्तर की प्राचीन राजधानी बड़े डोंगर में आज भी प्राकृतिक सौंदर्य के अनेक स्थल हैं, जिनमें बड़े डोंगर से लगभग 12 कि मी दूर पावड़ा ग्राम में बारदा नदी सात धाराओं में बहती है, इन धाराओं के बीच एक चट्टान पर स्वयंभू शिवलिंग है। नदी का विहंगम दृश्य मनोरम है। नदी के बीच बीच में तेंदू दरहा, कातिक दरहा,तिरयार दरहा, गऊ दरहा, हाड़ दरहा नामक अनेक जल गुफाएं हैं। जल गुफाओं से जुड़ी अनेक जनश्रुतियां और किंवदंतियां भी प्रचलित हैं। रास्ता सरल नहीं है चट्टान और पत्थरों के बीच यह सभी स्थल हैं इनके बावजूद भी इन स्थलों में पर्यटक घूमने के लिए आते रहते हैं। यह पूरा क्षेत्र बीहड़ जंगल के बीच स्थित है। यहां हरे भरे वन मन को शीतलता प्रदान करते हैं। इन स्थलों पर कुछ न कुछ रहस्यमय तथ्य दर्शको जानने और समझने के लिए बाध्य करते हैं। इन स्थलों पर पहुंचना किसी रोमांच से कम नहीं होता।

सुरता

कमलेश यादव

सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहे : बृजभूषण देवांगन



सहकारिता के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले बृजभूषण लाल देवांगन का जन्म कबीरधाम जिले के ग्राम पिपरिया में 1जनवरी 1928 को हुआ था। प्राथमिक शिक्षा प्राप्त आप युवावस्था से ही सहकारिता के क्षेत्र में सक्रिय रहे। 1951 से कवर्धा बुनकर सहकारी समिति के सदस्य रहते आपने समिति के अध्यक्ष पद 1983 से 2001तक निर्वहन किया। अविभाजित मध्यप्रदेश में राज्य बुनकर संघ जबलपुर के कार्यकारिणी सदस्य भी आप रहे। आपने ग्राम पंचायत तथा जनपद पंचायत में विभिन्न पदों में रहकर ग्रामीण विकास, जन जागरण एवं पंचायती राज विकास में योगदान दिया। कवर्धा कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष के रूप में आपने कार्य किया। हस्त शिल्प को बढ़ाने का काम भी आपने स्तर किया।

समाज सेवा के कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण करने में आप विश्वास करते थे। आपके इस योगदान को देखते हुए छत्तीसगढ़ शासन ने 2004 में आपको ठाकुर प्यारेलाल सिंह सम्मान से विभूषित किया था।

धार्मिकः राजकुमार यादव

छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के छुरा विकासखंड अंतर्गत केडीआमा (रमनपुर) का दसकुंड वन क्षेत्र ऐसा भूभाग है, जहां जंगल, पहाड़, जल स्रोत, गुफा और लोक विश्वास मिलकर एक अलग सांस्कृतिक भू-दृश्य बनाते हैं। इसी क्षेत्र में जामवंत दादा की तपोस्थली मानी जाने वाली रहस्यमय गुफा, आसपास के प्राकृतिक एवं धार्मिक स्थलों के रूप में स्थानीय लोगों की आस्था से जुड़े हैं।

जामवंत की तपोस्थली का क्षेत्र गरियाबंद जिले का रहस्यमय गुफा केडीआमा (रमनपुर)

लोक मान्यता के अनुसार यहां दसकुंड क्षेत्र को राम वन गमन पथ और प्राचीन दण्डकारण्य की सांस्कृतिक स्मृतियों से जोड़कर देखा जाता है। रहस्यमयी केडीआमा के जंगल में स्थित गुफा को स्थानीय लोग जामवंत दादा की तपोस्थली के रूप में मानते हैं। त्रेतायुग में भगवान श्रीराम की वानर सेना से जुड़े जामवंत दादा का इस वन क्षेत्र से संबंध रहा। यहां के ग्रामीण जामवंत को तपस्वी, अनुभवी और वानर सेना के प्रमुख सहयोगी के रूप में आज भी स्मरण करते हैं। इन तथ्यों की प्रमाणिकता के लिए इस स्थल के ऐतिहासिक-पुरातात्विक और धार्मिक महत्व को देखते



हुए व्यापक स्तर पर शोध की मांग ग्रामीण करते आ रहे हैं। इसके साथ यहां केडीआमा की गुफा से जुड़ी जल और जंगल की अनोखी संरचनादस जल कुंड क्षेत्र की सबसे बड़ी प्राकृतिक विशेषताओं में से है। इन जलकुंडों को स्थानीय परंपरा में रामायण के विभिन्न पात्रों से जोड़ा जाता है जो जाम पानी, सुरंग पानी, माहुर पानी, आंवरा, सेम्हर, कुडेरा, कुर्रु, गोइंदला और कुसुम पानी जैसे नाम आज भी क्षेत्रीय स्मृति में मिलते हैं। इन जलकुंडों की श्रृंखला केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं है, बल्कि वन क्षेत्र की पारंपरिक जल-संरचना और स्थानीय पर्यावरणीय ज्ञान के अध्ययन का भी विषय है। यहां दसकुंड को केवल धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में देखने के बजाय लोक-संस्कृति, पर्यावरण, जलस्रोत, भूगोल और मौखिक इतिहास के संयुक्त अध्ययन क्षेत्र के रूप में देखते हैं।

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम पर उठे सवाल

टॉप को छोड़ दिया और 'निचलों' को बना दिया यहां का न्यायाधीश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने सोमवार को तीन हाई कोर्ट्स के मुख्य न्यायाधीशों को शीर्ष अदालत में जज नियुक्त करने की अनुशंसा की है। कॉलेजियम ने गुजरात हाई कोर्ट की मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सुनीता अग्रवाल को शीर्ष न्यायालय में न्यायाधीश नियुक्त करने की अनुशंसा की है। कॉलेजियम ने दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और तेलंगाना हाई कोर्ट के के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अपरेश कुमार सिंह को भी सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीश नियुक्त करने की अनुशंसा की है।

दिल्ली का चक्कर छोड़कर जमीन पर उतरें पदाधिकारी मोर्चा प्रभारी व अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाएं : नितिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ पार्टी के पदाधिकारियों और मोर्चा प्रभारियों की करीब चार घंटे तक चली संगठनात्मक बैठक हुई। बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों और मोर्चा प्रभारियों को उनके प्रदेशों के हिसाब से अहम जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में सभी 37 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पदाधिकारी और प्रभारी मौजूद रहे। बैठक में करीब 65 प्रभारी और सह-प्रभारी शामिल हुए। नवीन ने पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश प्रभारियों और सह-प्रभारियों को संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और अपने-अपने राज्यों में अधिक समय देने का निर्देश दिया है. उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि राज्य की जिम्मेदारी संभालने वाले पदाधिकारी अपने क्षेत्र में रहकर संगठन के काम पर ध्यान केंद्रित करें और अनावश्यक रूप से दिल्ली के दौरे न करें।

अब मथुरा में होगी बैठक

भाजपा 3 और 4 अक्टूबर को मथुरा में भी संगठन से जुड़ी एक बैठक की तैयारी कर रही है। इस बैठक में वरिष्ठ नेताओं के साथ उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा होने की उम्मीद है।

भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री ईरानी ने पत्रकारों से चर्चा में कहा

'हार की समीक्षा के बजाय कांग्रेस चुनाव आयोग पर हमला कर रही'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को कहा कि अपनी हार की समीक्षा करने की बजाय कांग्रेस पार्टी चुनाव आयोग पर हमला कर रही है। पार्टी की राष्ट्रीय महामंत्री स्मृति इरानी ने नई दिल्ली स्थित पार्टी कार्यालय में मीडिया को संबोधित किया और कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक के बाद कांग्रेस द्वारा किये गए प्रेस कांफ्रेंस पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने पूछा कि क्या कांग्रेस हिमाचल प्रदेश, पंजाब, केरल और कर्नाटक में भी चुनाव आयोग पर प्रश्न उठा रही है।

इरानी ने कहा कि राहुल गाँधी ने तो पहले ही कहा था कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छवि को खराब कर देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व चुनाव आयोग और संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाकर लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर कर रहा है। इरानी ने कहा कि 13 करोड़ 30 लाख नामों पर चुनाव आयोग स्पष्टीकरण दे चुका है तथा डुप्लीकेट और मृत व्यक्तियों के नामों की जांच के लिए बीएलओ दस्तावेज एकत्र करेंगे।

स्मृति इरानी ने कहा कि वर्ष 2019 में निवर्तमान कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा था कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इमेज को खराब करने का भरसक प्रयास करेंगे।

आंध्र प्रदेश में दिल दहलाने वाला कांड

गला रेता, शव के 9 टुकड़े कर नहर में फेंका, 'वालकर हत्याकांड' की यादें ताजा



एजेंसी ▶▶ विजयवाड़ा

आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा से दिल दहला देने वाली एक वारदात सामने आई है, जिसने दिल्ली के चर्चित 'श्रद्धा वालकर हत्याकांड' की खौफनाक यादें ताजा कर दी हैं। विजयवाड़ा में पैसों के लेनदेन को लेकर हुए विवाद के बाद एक कसाई ने महिला की गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी और फिर साक्ष्य मिटाने के लिए उसके शव के 9 टुकड़े करके नहर में बहा दिए। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मुख्य आरोपी कसाई और उसकी दुकान पर काम करने वाले उसके सहयोगी को हिरासत में ले लिया है। इस खौफनाक हत्याकांड का खुलासा तब हुआ जब इब्राहिमपटनम इलाके में पुलिस को एक अज्ञात महिला का क्षत-विक्षत शव मिला। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए शव की तस्वीरें और ब्योरा सोशल मीडिया और मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारित किया। मृतका के परिजनों ने उसके हाथ पर बने एक खास टैटू को देखकर उसकी पहचान कल्याणी के रूप में की। इसके बाद परिजनों ने पुलिस से संपर्क किया, जिससे जांच टीम को कल्याणी की हत्या की कड़ी जोड़ने में बड़ी मदद मिली।

दोनों आरोपी हिरासत में, पुलिस कर रही पूछताछ

पुलिस ने मुख्य आरोपी शफी और उसके मददगार गुरुवुलु को हिरासत में ले लिया है। सर्किल इंस्पेक्टर सुब्रमण्यम ने बताया कि मीडिया और सोशल मीडिया के सहयोग से इस अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में सफलता मिली है। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों से सख्ती से पूछताछ कर रही है ताकि हत्या में इस्तेमाल हथियार, शव के शेष हिस्सों और वारदात में इस्तेमाल किए गए वाहन को बरामद किया जा सके।

'एसआईआर में स्थानीय अफसरों को ज्यादा अधिकार मिले'

एजेंसी ▶▶ मुंबई

चुनाव आयोग के पोर्टल ईसीआईनेट में स्थानीय चुनाव अधिकारियों के अधिकारों को लेकर उठे सवालों के बीच महाराष्ट्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एस चोकलिंगम का 24 सितंबर को लिखा लेटर मंगलवार को सामने आया। चोकलिंगम ने इसमें वोटर रिकॉर्ड की गड़बड़ियों से जुड़े मामलों में ईआरओ को ज्यादा अधिकार देने और सॉफ्टवेयर में 4 बदलाव की मांग की थी। उनका कहना था कि किसी वोटर के रिकॉर्ड में गड़बड़ी मिलने पर हर मामले में एक जैसी प्रक्रिया लागू नहीं होनी चाहिए। इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर यानी ईआरओ को यह तय करने का अधिकार होना चाहिए कि किस वोटर को सुनवाई के लिए बुलाना है, कौन से दस्तावेज लेने हैं और किन मामलों को अपने स्तर पर निपटाया जा सकता है। उनसे पहले चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी भी ईसीआईनेट में स्थानीय अधिकारियों के अधिकार सीमित करने पर आपत्ति जताने की खबरें आई थीं।

खास बातें

- महाराष्ट्र सीईओ ने भी लिखा था लेटर
- दो चुनाव आयुक्त भी जता चुके आपत्ति

अगर समुद्र सुरक्षित हैं तो भारत सुरक्षित : राजनाथ

हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली। हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में बढ़ती चीन की आक्रामकता के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि अगर समुद्र सुरक्षित हैं तो भारत सुरक्षित होगा। अगर भारत सुरक्षित है तो 2047 से जुड़ा विकसित भारत का संकल्प भी और अधिक सुदृढ़ होगा। यह बातें रक्षा मंत्री ने राजधानी में नौसेना के कमांडर सम्मेलन में कहीं।

कार्यालय मिशन संचालक, राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)
विकास भवन, सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर
Telephone: 0771-2999525, E-mail: sbmg.cg@gov.in,
Website: https://sbmrural.cgstate.gov.in/

क्रमांक /GENCOR/14741/2026/PWM-EoI नवा रायपुर, अटल नगर दि. 28.09.2026

रुचि की अभिव्यक्ति (EoI) आमंत्रण सूचना
(राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), छत्तीसगढ़)

राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, छत्तीसगढ़ द्वारा प्लास्टिक एवं अन्य पुनर्चक्रणीय अपशिष्ट के वैज्ञानिक प्रबंधन एवं पुनर्चक्रण हेतु इच्छुक **Recyclers, Scrap Dealers एवं Firms/ Agencies से Expression of Interest (EoI)** आमंत्रित की जाती है। इस EoI में निर्धारित पात्रता एवं शर्तों को पूरा करने वाली इच्छुक एजेंसियां भाग ले सकती हैं।

EoI/**आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि: 30 अक्टूबर 2026**

EoI से संबंधित विस्तृत जानकारी, पात्रता, नियम एवं शर्तें तथा आवेदन प्रारूप विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध हैं: https://sbmrural.cgstate.gov.in/ इच्छुक एजेंसियां निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन अंतिम तिथि तक प्रस्तुत कर सकती हैं।

मिशन संचालक
S-49220/2 राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)

SUPERINTENDENT PHYSICAL PLANT
INDIRA GANDHI KRISHI VISHWAVIDYALAYA, RAIPUR
Phone No. 0771-2442203, Email- igkvspp@gmail.com

NOTICE INVITING E-TENDER
Main Portal: cgstate.gov.in Sub Portal: https://igkv.ac.in

SPP/क्रमांक/Mo/302 Date-28/09/2026

Proposed Construction of Seed Godown Under Seed Hub Safflower at Kawardha Distt - Kabirdham. Construction of First Floor of Biofertillizer and Organic Fertilizer Testintg and Quality Control Laboratory at I.G.K.V. Campus, Behind Sameti Building, Construction of Building for Gamma Irradiation Chamber (GC 5000) in Sealed tenders are invited in Form A, B, C online from contractor registered in Chhattisgarh PWD as per schedule of rates for Roads/ Buildings/ Bridges works effective from 01.01.2015 and for electrical works effective from 01.06.2020 and amended up to date of issue of NIT. The tender details along with list of necessary documents will be available on the cgstate.gov.in and www.igkv.ac.in websites. The last date of submission of online bid is 22/10/2026 The Physical document's should be submitted only through Registered / Speed post so as to reach in the office of the Superintendent Physical Plant, Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Krishak Nagar, Labhandi, Raipur (C.G.) Pin 492012, latest by date 23/10/2026 by 05.00 pm.

Superintendent Physical Plant
S-49228/1 IGKV Raipur (CG)

कार्यालय जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज सोसायटी जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)
Address :-Livelihood college Room No.-1 Govindpur Kanker, E-mail : livelihoodkanker@gmail.com

क्रमांक/165A/लाई.कॉ.कां. / रूचि. अभि./ 2026-27 कांकेर, दिनांक 28/09/2026

प्रेस विज्ञप्ति
रूचि की अभिव्यक्ति (EOI)

कार्यालय जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) में "विभिन्न सेक्टर/कोर्स" में कौशल विकास योजना अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदाय करने हेतु इच्छुक सोसायटी / प्रशिक्षण एजेन्सी / शैक्षणिक संस्थान से रूचि की अभिव्यक्ति (EoI) आमंत्रित किया जाता है। आवेदन प्रपत्र एवं नियम - शर्तो संबंधित प्रारूप तथा कोर्स / सेक्टर की जानकारी जिले के वेबसाईट www.kanker.gov.in से अवलोकन एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि : 07/10/2026 सायं 05:00 बजे तक
रूचि की अभिव्यक्ति खोलने एवं प्रदर्शन की तिथि : 08/10/2026 पूर्वान्ह 11:00 बजे

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
S-49227/1 जिला पंचायत उत्तर बस्तर कांकेर

संचालनालय कृषि, छत्तीसगढ़
इंद्रावती भवन, द्वितीय तल, बी-ब्लॉक, नया रायपुर, अटल नगर- 492002
Email ID: diagricg.cg@nic.in, Phone No. : 0771-2511630

क्र/स्था./अ-1-ब/(1) / सी.भ./ दिव्या. - पार्ट - 2 / 1323
रायपुर दिनांक 28/09/2026

विज्ञापन

कृषि विभाग के अंतर्गत ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा दिनांक 04.02.2024 को आयोजित परीक्षा के परिणाम में उल्लेखित सरल क्रमांक (कम्बाईन्ड रैंकिंग) के आधार पर उत्तीर्ण आवेदकों के मूल प्रमाण पत्रों की जांच दिनांक 07.10.2026 को प्रातः 10.30 बजे से कार्यालय संचालनालय कृषि इंद्रावती भवन, द्वितीय तल, बी-ब्लॉक, नवा रायपुर में की जावेगी। इस हेतु सूचना / निर्देश विभाग की वेबसाईट Https://agriportal.cg.nic.in/agridept/AgriHi/ पर उपलब्ध है।

कृपया निर्धारित तिथि एवं समय तथा स्थान पर आवेदक स्वयं विज्ञापन में दर्शित अर्हताओं एवं वांछित दस्तावेजों के आधार पर मूल प्रमाण पत्रों की 02 सेट स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

अपर संचालक
G-262703616/1 कृषि संचालनालय कृषि रायपुर छ.ग.

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO LTD
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) GSTIN-22AADCC5773E1ZX
OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (LINE) Block-4, Near CSPTCL Dispensary, Dagania, Raipur (C.G.)
Website- www.cspc.co.in e-mail:- ce .eht@cspc.co.in Ph. No. 0771-2574221, 2574224 Fax No. 0771-2574222

No. 02-05/LINE/O.S./Tender-63/ 1334 Raipur, Date: 28.09.2026

E-NOTICE INVITING TENDER

Tender No.	Name of Work	Cost of Tender Form	E.M.D. (Rs.)	Tentative Cost (Rs.)	Date of Opening
Tender-63 (Rfx - 8100054489)	Deployment of 08 Nos. Computer Operators through outsourcing at various Divisions under SE (EHT:C&M) Circle CSPTCL, Bhilai for a period of 01 year.	Rs. 5000/- (Incl.GST)	Rs. 20,964/-	Rs. 20.96 Lakh	26/10/2026

For all other details of NIT and terms & conditions, please visit our website www.cspc.co.in/csptcl_tendernotices/CSPTCL_Tender.htm.

EXEVUTIVE DIRECTOR (Line)
CSPTCL, RAIPUR

SAVE ELECTRICITY

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
// प्रथम आमंत्रण //

दिनांक 28.09.2026

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदा "डी" एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों के लिये आमंत्रित की जाती है। निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 21.10.2026 तक है।

एन.आई.टी क्रं. / निविदा क्रं.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3
NIT NO. 225 Tender No. 200272	जिला धमतरी के एन.एच.- 30 संबलपुर से श्यामतराई मार्ग में विद्यमान डिवाइडर की ऊंचाई बढ़ाने का कार्य (सड़क सुरक्षा अंतर्गत) (भाग- 3)	रू. 42.28 लाख
NIT NO. 226 Tender No. 200273	जिला धमतरी के एन.एच.- 30 संबलपुर से श्यामतराई मार्ग में विद्यमान डिवाइडर की ऊंचाई बढ़ाने का कार्य (सड़क सुरक्षा अंतर्गत) (भाग- 4)	रू. 42.28 लाख
NIT NO. 227 Tender No. 200274	कुरुद विश्रामगृह पहुंच मार्ग के बाये ओर बाउंड्रीवॉल निर्माण एवं प्लांटर निर्माण कार्य नाली निर्माण एवं पार्किंग एरिया में पेवर ब्लॉक कार्य।	रू. 30.57 लाख

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र, बिड केपेसीटी उपलब्धता बाबत जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा, एवं निविदाकारों द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारों का मोबाईल न. एवं ईमेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रुप से करें।

अधीक्षण अभियंता,
लो.नि.वि. रायपुर
G-262703605/2 Credible Chhattisgarh आपकी थी चाह, हमने बनाई राह मण्डल क्र. 2 (छ.ग.)

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सेतु मंडल रायपुर (छत्तीसगढ़)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

दिनांक 28.09.2026

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदा "डी" श्रेणी एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों हेतु प्रथम निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 21.10.2026 तक है।

एन.आई.टी क्रं. / निविदा क्रं.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3
NIT NO. 26 Tender No.200309	Painting work of various h.l. Bridges i/c Approach Roads Under Sub Division Sarangarh.	रू. 16.79 लाख
NIT NO. 27 Tender No.200310	Special repair of various H.L. Bridges i/c Approach Road Under Sub Division Sarangarh.	रू. 13.83 लाख
NIT NO. 28 Tender No.200311	Special Repair of Various H.L. Bridges i/c Approach Roads Under Sub Division Raigarh. (Part-2)	रू. 41.17 लाख
NIT NO. 29 Tender No.200312	Special Repair of Various H.L. Bridges i/c Approach Roads Under Sub Division Raigarh. (Part-1)	रू. 54.99 लाख
NIT NO.30 Tender No.200313	Painting Work of Various H.L. Bridges i/c Approach Roads Under Sub Division-Raigarh.	रू. 16.79 लाख
NIT NO.31 Tender No.200344	Special Repair Work (Expansion Joint and Concrete Work) for Various Bridges Under PWD Bridge Sub Division Mahasamund	रू. 21.18 लाख
NIT NO.32 Tender No.200346	Special Repair (Painting work) for Various Bridges Under PWD Bridge Sub Division Mahasamund.	रू. 16.46 लाख

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र, बिड केपेसीटी उपलब्धता बाबत जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा, एवं निविदाकारो द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारो का मोबाईल नंबर एवं ई-मेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें।

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग,
सेतु मंडल,रायपुर (छ.ग.)
G-262703623/2 Credible Chhattisgarh आपकी थी चाह, हमने बनाई राह

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, PUBLIC WORKS DEPARTMENT, (E/M) CIRCLE, BILASPUR (C.G.)

e-Procurement Tender Notice
Portal: http://eproc.cgstate.gov.in (Online)

Online Tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh from contractors, C.G. P.W.D. in new Registraton System (Unified Registration System) for the following work:-

Sr. No.	NIT No.	Name of Work	PAC
1.	NIT 82 (Percent Rate) System Tender No. 200506	Providing and fixing of LED Street light fitting in Janjee to NTPC CISF Colony, Seepat, Distt. Bilaspur (C.G.)	86.50

(1st Call) Date of Online Bid Submission will be 16.10.2026.

The Tender documents can be downloaded from the web-portal http://eproc.cgstate.gov.in only those contractors/bidders, interested in bidding shall pay the tender document const online.

Superintending Engineer
P.W.D. (E/M) Circle
G-262703596/4 Bilaspur (CG.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, (बाजार) रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 2535780, 90, फैक्स- 0771-2227395
website- www.nagarnigamraipur.nic.in

I/390648/2026 28.09.2026

द्वितीय निविदा सूचना

नगर पालिक निगम रायपुर अंतर्गत स्थित निगम के स्वामित्व की 4000 दुकानों में डिजिटल QR प्लेट (अन्य विवरण सहित) GI नगर पालिक निगम रायपुर क्षेत्रान्तर्गत स्थित नगर निगम रायपुर के प्लेट जिसका आकार (Size) : 8 x 6 इंच होना चाहिए। निर्धारित प्रारूप का अवलोकन नगर पालिक निगम के कक्ष क्र. 104 में किया जा सकता है। उक्त कार्य हेतु इच्छित व्यक्ति / संस्था से (QUOTATION) दर सूची दिनांक 09.10.26 तक आमंत्रित की जाती है।

शेष नियम व शर्त मुख्यालय (बाजार विभाग) में देखी जा सकती है।

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें

उपायुक्त (बाजार)
नगर पालिक निगम
रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)

निविदा सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

एन.आई.टी.क्र./ सिस्टम टेन्डर नं	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत रू (लाख में)
1	2	3
कुंभ तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

मीन दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

केरलम : एलडीएफ को 18, यूडीएफ को 19 सीटें

तिरुवनंतपुरम। केरलम में 38 स्थानीय निकाय वार्डों में हुए उपचुनाव के नतीजे सामने आ गए हैं। इन चुनावों में यूडीएफ ने 19 सीटों पर जीत दर्ज की, जबकि एलडीएफ के खाते में 18 सीटें आईं. एनडीए ने एक सीट पर जीत हासिल की है। इन उपचुनावों से पहले इन 38 सीटों का समीकरण अलग था।

homefirst We'll take you home

Home First Finance Company India Limited
CIN: L65990MH2010PLC240703 Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

कब्जा सूचना

संदर्भ: सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के उप-नियम (1) के तहत कब्जा सूचना

चूंकि अधोहस्ताक्षरी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 के अधिनियम संख्या 54) के तहत नीचे दी गई संबंधित तिथियों पर जारी मांग सूचना के अनुसरण में एवं सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2

खबर संक्षेप

सेबी ने 28 इकाइयों पर लगाया 25 करोड़ रुपए का जुर्माना

नई दिल्ली। बाजार नियामक सेबी ने बिना पंजीकरण के सामूहिक निवेश योजना (सीआईएस) चलाने के मामले में कृषि निवेश मंच ग्रोपिटल समेत 28 इकाइयों पर 25 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया है। नियामक ने इन इकाइयों को प्रतिभूति बाजार से अधिकतम पांच साल के लिए प्रतिबंधित भी किया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने फार्म टेक साइलो एलएलपी समेत आठ इकाइयों पर दो-दो करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। फार्म टेक साइलो को ग्रोपिटल के नाम से भी जाना जाता है। आठ इकाइयों में कंपनी के संस्थापक ऋतुराज शर्मा भी शामिल है। इन्हें पांच साल के लिए प्रतिभूति बाजार से भी प्रतिबंधित किया गया है।

पीरामल फार्मा को गलत दावे पर जीएसटी नोटिस



नई दिल्ली। पीरामल फार्मा को जीएसटी अधिकारियों से वित्त वर्ष 2020-21 से 2022-23 के दौरान चार करोड़ रुपये से अधिक के इनपुट टैक्स क्रेडिट के कथित गलत दावे को लेकर आदेश मिला है। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस अवधि के लिए जीएसटी ऑडिट की कार्यवाही के बाद अतिरिक्त आयुक्त, केंद्रीय माल एवं सेवा कर (सीजीएसटी) एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क, मुंबई पूर्व आयुक्त कार्यालय ने यह आदेश जारी किया है। पीरामल फार्मा ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, ''आदेश के तहत प्राधिकरण ने 4,06,03,220 रुपये के इनपुट टैक्स क्रेडिट की मांग की पुष्टि की है।

ईरान की मुद्रा में सबसे बड़ी गिरावट, एक डॉलर के लिए देने पड़ रहे 25 लाख रियाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध के बीच ईरान की मुद्रा रियाल मंगलवार को एक बार फिर रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई। तेहरान में कारोबारियों ने एक अमेरिकी डॉलर के बदले 25 लाख से अधिक रियाल का विनिमय किया। यह इस बात का साफ संकेत है कि मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध ने ईरान की अर्थव्यवस्था को कितना कमजोर कर दिया है। यदि अन्य मुद्राओं में बात करे तो ब्रिटिश पाउंड 33 लाख रियाल और यूरो 28 लाख रियाल के पार निकल गया है। रियाल इससे पहले 2 सितंबर को 22 लाख रियाल प्रति डॉलर के स्तर तक गिरा था। महज 27 दिनों बाद मुद्रा ने एक और नया रिकॉर्ड बनाया है। युद्ध शुरू होने के बाद से ईरानी मुद्रा लगातार नए निचले स्तर दर्ज कर रही है। मुद्रा में गिरावट ऐसे समय में हुई है, जब युद्ध के कारण ईरान की अर्थव्यवस्था पर प्रतिबंधों, व्यापारिक बाधाओं और क्षेत्रीय तनाव का दबाव बढ़ रहा है।

मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध के कारण एक बार फिर रिकॉर्ड गिरावट

होर्मुज को लेकर बातचीत तेज

इस बीच, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि अमेरिका के साथ अप्रत्यक्ष बातचीत अब अधिक गंभीर चरण में पहुंच गई है। बातचीत का मुख्य मुद्दा रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को फिर से खोलना है। अराघची ने ईरानी मीडिया से कहा कि कतर के मध्यस्थ जल्द ही अमेरिकी पक्ष से इस मुद्दे पर दोबारा बातचीत करेंगे। उनके मुताबिक, अमेरिका की प्रतिक्रिया मिलने के बाद तेहरान में आगे का फैसला लिया जाएगा।



कतर और पाकिस्तान कर रहे मध्यस्थता

अराघची ने यह बयान न्यूयॉर्क से रवाना होने से पहले दिया। वह संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में शामिल होने के लिए न्यूयॉर्क में थे और इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान एवं कतर के मध्यस्थों से मुलाकात की। अमेरिकी और क्षेत्रीय अधिकारियों के मुताबिक, मध्यस्थ ईरान और अमेरिका के बीच लड़ाई खत्म करने और होर्मुज को खोलने के लिए समझौता कराने की कोशिश कर रहे हैं।

ईरान ने रखी थीं कई शर्तें

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस सप्ताह ईरान के उस प्रस्ताव को ठुकरा दिया था, जिसमें अमेरिकी नाकाबंदी हटाने, ईरान की फ्रीज संपत्तियां जारी करने और ईरानी तेल की बिक्री पर प्रतिबंधों में छूट समेत कई शर्तें रखी गई थीं। ईरान ने प्रस्ताव दिया था कि इन शर्तों पर सहमति बनने की स्थिति में वह 7 दिनों के भीतर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को फिर से खोल सकता है। इस बीच, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के प्रवक्ता जनरल होसैन मोहेब्बी ने मंगलवार को अमेरिकी नागरिकों से युद्ध के खिलाफ आवाज उठाने की अपील की।

अक्टूबर-दिसंबर की मौद्रिक समीक्षा बैठकों में बढ़ोतरी किए जाने का अनुमान

आरबीआई दो बार में रेपो दर में कर सकता है 0.50 प्रतिशत अंक की बढ़ोतरी : नोमुरा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

ब्रोकरेज फर्म नोमुरा ने अक्टूबर और दिसंबर की मौद्रिक समीक्षा बैठकों में नीतिगत रेपो दर में 0.25-0.25 प्रतिशत अंक की बढ़ोतरी किए जाने का अनुमान जताया है। ऐसा होने पर नीतिगत दर 5.75 प्रतिशत पर पहुंच जाएगी। नोमुरा ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में कहा कि इन दो बढ़ोतरी के बाद फरवरी, 2027 से दरों में वृद्धि की संभावना घट सकती है।

- नीतिगत रेपो दर में 0.25 प्रतिशत अंक की बढ़ोतरी संभव

अगले साल उपभोक्ता खर्च में संभावित नरमी और मुद्रास्फीति के कमजोर परिदृश्य को इसका कारण बताया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की अगले सप्ताह होने वाली बैठक में द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा की जाएगी। इस दौरान रेपो दर पर फैसला किया जा सकता है।

जीडीपी वृद्धि 7.8 फीसदी रही

आर्थिक वृद्धि के मोर्चे पर नोमुरा ने कहा कि अप्रैल-जून तिमाही में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि सालाना आधार पर 7.8 प्रतिशत रही, जबकि अगस्त में ऋण वृद्धि 19.1 प्रतिशत रही। हालांकि, उसने अर्थव्यवस्था के परिदृश्य में कुछ नकारात्मक जोखिम उभरने की बात भी कही।

खास बातें

- बढ़ोतरी पर नीतिगत दर 5.75 प्रतिशत पर पहुंच जाएगी
- फरवरी, 2027 से दरों में वृद्धि की संभावना घट सकती है



अगले छह माह खाद्य व ऊर्जा कीमतों का रहेगा दबाव

जापानी ब्रोकरेज फर्म ने कहा, "आरबीआई अक्टूबर और दिसंबर की बैठकों में 0.25-0.25 प्रतिशत अंक की दर बढ़ोतरी करेगा और नीतिगत दर 5.75 प्रतिशत के अंतिम स्तर पर पहुंच जाएगी। एक ही बार दर बढ़ाए जाने की कुछ संभावना भी है।" मुद्रास्फीति के मोर्चे पर नोमुरा ने अगले छह महीनों में खाद्य और ऊर्जा कीमतों से दबाव बढ़ने का अनुमान जताया है। उसके अनुसार, मांग पर असर पड़ने के साथ मुद्रास्फीति बाद में लक्ष्य की ओर लौट सकती है।

खुदरा मुद्रास्फीति 5.2 फीसदी रहने की संभावना

ब्रोकरेज फर्म ने वित्त वर्ष 2026-27 में औसत खुदरा मुद्रास्फीति 5.2 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2027-28 में चार प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। वहीं, मुख्य मुद्रास्फीति के क्रमशः 4.3 प्रतिशत और चार प्रतिशत रहने का अनुमान है। नोमुरा ने निकट अवधि में खाद्य मुद्रास्फीति को सबसे बड़ा जोखिम बताया।

खाद्य कीमतों में बढ़ोतरी का जोखिम कायम

रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल खाद्य कीमतों में बढ़ोतरी को कमजोर मानसून और खरीफ फसल की कम बुवाई ने और बढ़ा दिया है। चीनी पर स्टॉक सीमा लगाने और प्याज की कम कीमत पर बिक्री जैसे सरकारी कदम दबाव को कुछ कम कर सकते हैं, लेकिन कम फसल उत्पादन से खाद्य कीमतों में बढ़ोतरी का जोखिम बना हुआ है।

फसल का उत्पादन प्रभावित होने की संभावना

ब्रोकरेज फर्म ने कहा कि कम बारिश से खरीफ और रबी फसल का उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है, जिससे ग्रामीण खपत पर असर पड़ सकता है। वहीं, खाद्य मुद्रास्फीति बढ़ने से वास्तविक खर्च-योग्य आय पर दबाव पड़ेगा और विवेकाधीन वस्तुओं की मांग घट सकती है।

सेवा क्षेत्र पर एआई का प्रभाव रहेगा

नोमुरा ने भारत के सेवा क्षेत्र पर कृत्रिम मेधा (एआई) के संभावित प्रभाव को भी रेखांकित किया है। भारत का सॉफ्टवेयर-सेवा अधिशेष 2026 की दूसरी तिमाही में 51.4 अरब डॉलर रहा, जो 2025 की चौथी तिमाही के 53 अरब डॉलर से कम है। उसने कहा कि पोर्टफोलियो निवेश का प्रतिकूल माहौल, एफसीएनआर (बी) जमा से होने वाले प्रवाह का समाप्त होना और ऊंची ऊर्जा कीमतों के बीच भारत के बढ़ते चालू खाते के घाटे के वित्तपोषण की स्थिति चुनौतीपूर्ण हो सकती है।

नई राष्ट्रीय इस्पात नीति के तहत 2047 तक 60 करोड़ टन क्षमता का लक्ष्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



इस्पात सचिव संदीप पौंड्रिक ने मंगलवार को कहा कि सरकार नयी इस्पात नीति तैयार कर रही है, जिसका लक्ष्य क्षमता विस्तार को बढ़ावा देकर 2047 तक 60 करोड़ टन की क्षमता हासिल करना, उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाना और आयात से जुड़ी प्रमुख चुनौतियों से निपटना है।

- इस्पात सचिव पौंड्रिक ने कहा, सरकार नई इस्पात नीति तैयार कर रही

सचिव ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि नयी राष्ट्रीय इस्पात नीति (एनएसपी) को करीब एक सप्ताह में हितधारकों की टिप्पणियों के लिए सार्वजनिक किया जाएगा। राष्ट्रीय इस्पात नीति (एनएसपी) में भारतीय इस्पात उद्योग के लिए 2047 तक 60 करोड़ टन से अधिक की उत्पादन क्षमता हासिल करने का खाका तय किया जाएगा। इसमें मूल्यवर्धित और विशेष इस्पात की हिस्सेदारी बढ़ाने पर भी जोर होगा। अधिकारी ने साथ ही बताया कि इससे जुड़ी एक योजना तैयार की जा रही है, जिसके तहत इस्पात क्षेत्र में उत्सर्जन कम करने के लिए प्रोत्साहित देने को 5,000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। उद्योग संगठन भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित 'मैन्युफैक्चरिंग कॉन्क्लुएंस 2026' कार्यक्रम से इतर पत्रकारों से बातचीत में पौंड्रिक ने कहा कि राष्ट्रीय इस्पात नीति को करीब एक सप्ताह में सार्वजनिक किया जाएगा और हितधारकों से इस पर सुझाव मांगे जाएंगे। सचिव ने कहा कि आयात के मामले में नीति में सस्ते व घटिया आयात को हतोत्साहित करने के उपाय किए जाएंगे। इसमें सुरक्षा उपायों के तौर पर सुरक्षा शुल्क, डंपिंग रोधी शुल्क आदि शामिल हैं। इसके साथ ही भारतीय इस्पात उद्योग, खासकर छोटे इस्पात उत्पादकों को प्रौद्योगिकी और कीमत के मामले में प्रतिस्पर्धी बनाने पर भी जोर दिया जाएगा।

वर्ष 2017 में राष्ट्रीय इस्पात नीति पेश की गई थी

सरकार ने 2017 में राष्ट्रीय इस्पात नीति पेश की थी, जिसका लक्ष्य अन्य पहलुओं के साथ-साथ 2030 तक भारत की इस्पात विनिर्माण क्षमता बढ़ाकर 30 करोड़ टन करना, खपत बढ़ाना और कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित करना था। अधिकारी ने हालांकि बताया कि मौजूदा चुनौतियों और जरूरतों को देखते हुए 2017 की नीति की "फिर से समीक्षा किए जाने की जरूरत थी।"

बिजनेस साइट

बीआईएस का आभूषण विक्रेताओं के लिए ज्वेलर्स जागरूकता कार्यक्रम

रायपुर। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) रायपुर शाखा कार्यालय की ओर से मंगलवार को डोंगरगढ़ में आभूषण विक्रेताओं के लिए ज्वैलर्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आभूषण विक्रेताओं को बीआईएस मानकों, हॉलमार्किंग योजना और लाइसेंसिंग प्रक्रिया की जानकारी देना रहा। साथ ही उपभोक्ताओं को मानक अनुरूप और गुणवत्तापूर्ण आभूषण उपलब्ध कराने के लिए विक्रेताओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बीआईएस रायपुर शाखा कार्यालय की वरिष्ठ सचिवालय सहायक जूही बंसोड़ के स्वागत संबोधन से हुई। उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा और उद्देश्य की जानकारी दी। सहायक अनुभाग अधिकारी रूपेश कुशवाहा ने बीआईएस की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देते हुए मानकों को समझने में जागरूकता कार्यक्रमों की उपयोगिता बताई।



35 से अधिक आभूषण विक्रेता हुए शामिल

सोने-चांदी की शुद्धता और हॉलमार्किंग की दी जानकारी

ब्रांच हॉलमार्किंग रिप्रेजेंटेटिव योगेन्द्र कुमार ने बीआईएस हॉलमार्किंग योजना पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सोने और चांदी की मिश्र धातुओं के विभिन्न प्रकार, आभूषणों एवं कलाकृतियों की शुद्धता और ग्रेड से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं को समझाया। इसके अलावा बीआईएस हॉलमार्किंग लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया और उससे जुड़े चरणों की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में 35 से अधिक आभूषण विक्रेता शामिल हुए।

सीआईआई छत्तीसगढ़ एमएसएमई कॉन्क्लेव 2.0 का दो दिवसीय आयोजन संपन्न



एमएसएमई की प्रतिस्पर्धात्मकता और तकनीकी क्षमता बढ़ाने पर जोर

रायपुर। कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) छत्तीसगढ़ की ओर से आयोजित दो दिवसीय 'एमएसएमई कॉन्क्लेव 2.0' रायपुर में संपन्न हुआ। सम्मेलन में नीति निर्माता, उद्योग जगत के प्रतिनिधि और एमएसएमई उद्यमी शामिल हुए। इस दौरान प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की प्रतिस्पर्धात्मकता, तकनीकी क्षमता और सतत औद्योगिक विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। कॉन्क्लेव में वक्ताओं ने छत्तीसगढ़ में एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए सुदृढ़ औद्योगिक अधोसंरचना, उद्योग-अनुकूल नीतियों और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि स्थानीय एमएसएमई इकाइयों की क्षमता बढ़ाकर उन्हें वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला से जोड़ने की दिशा में निरंतर प्रयास जरूरी हैं। इस अवसर पर सीआईआई छत्तीसगढ़ स्टेट काउंसिल के चेयरमैन बजरंग गोयल तथा सीआईआई छत्तीसगढ़ एमएसएमई पैनल के कन्वीनर आदित्य अग्रवाल ने उद्योग जगत का पक्ष रखा। उन्होंने एमएसएमई इकाइयों में लीन मैन्युफैक्चरिंग, वित्तीय अनुशासन और आधुनिक तकनीकों को अपनाने पर विशेष जोर दिया। वहीं, दूसरे दिन एमएसएमई इकाइयों की कार्यकुशलता और उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से टोटल प्रोडक्टिव मेंटेनेंस और 'काइजन विद एआई' विषय पर विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई।

एवरब्रांड्स ने आईपीओ के लिए दस्तावेज किए जमा

नई दिल्ली। सबवे रेस्तरां का संचालन करने वाली कंपनी एवरब्रांड्स इंडिया लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 600 करोड़ रुपये जुटाने के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास दस्तावेजों का मसौदा दाखिल किया हैं। कंपनी द्वारा सोमवार को दाखिल दस्तावेजों के मसौदे (डीआरएचपी) के अनुसार, इस आईपीओ में पूरी तरह नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे। एवरब्रांड्स इंडिया आईपीओ से प्राप्त राशि में से 125 करोड़ रुपये का इस्तेमाल अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी कुलिनरी ब्रांड्स इंडिया के कर्ज के भुगतान में करेगी।



हरिभूमि
HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिक क्लीनिक
डायबीटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

8 साल का इंतजार खत्म, पंघाल फाइनल में, परवीन ने ठोकी दावेदारी

एजेंसी ▶▶| निशियो

अंकुश पंघाल ने एशियाई खेलों में पुरुष मुक्केबाजी के फाइनल में पहुंचकर भारत का 8 साल का इंतजार खत्म किया, वहीं परवीन हुड्डा ने शानदार जीत के साथ महिलाओं के 65 किलोग्राम वर्ग में खिताबी मुकाबले में जगह बनाई लेकिन नरेंद्र बेरवाल को 90 किलोग्राम से अधिक वर्ग के सेमीफाइनल में बाहर होने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। परवीन ने 65 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल में चीन के ली शू को 5-0 से हराया। इसके बाद अंकुश ने 80 किलोग्राम वर्ग पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए उज्बेकिस्तान के फजलुद्दीन एरकिनबोएव को 4-1 से हराया। एरकिनबोएव 75 किलोग्राम भार वर्ग में मौजूदा विश्व चैंपियन हैं।

अनुभवी मुक्केबाज बेरवाल को सेमीफाइनल में कजाखस्तान के मौजूदा सुपर हैवीवेट विश्व चैंपियन आइबेक ओरलबाय के खिलाफ 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। बेरवाल ने इसके साथ ही एशियाई खेलों में एक और कांस्य पदक अपने नाम किया। वह 2023 में चीन में हुए पिछले एशियाई खेलों में भी सेमीफाइनल में हारकर बाहर हो गए थे।



पंघाल ने रचा इतिहास

अंकुश पंघाल आठ साल में एशियाई खेलों के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय पुरुष मुक्केबाज बन गए हैं। अमित पंघाल ने 2018 में 49 किलोग्राम वर्ग का स्वर्ण पदक जीतकर आखिरी बार यह उपलब्धि हासिल की थी। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अंकुश ने एरकिनबोएव के खिलाफ जबरदस्त जुझारूपन दिखाया। उन्होंने धीमी शुरुआत से उबरते हुए अंतिम दौर में दबदबा बनाया और यादगार जीत हासिल की।



स्क्वैश : क्वार्टर फाइनल में महिला टीम



नागोया। भारतीय महिला स्क्वैश टीम ने एशियाई खेलों में मंगलवार को ग्रुप चरण के अपने आखिरी मुकाबले में ईरान को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। पहले एकल मैच में प्रतिद्वंद्वी के बीच में ही हटने के कारण तन्वी खन्ना को विजेता घोषित किया गया। तन्वी के खिलाफ नरगिस सोल्तानी 5-11, 0-3 से पीछे चल रही थीं, तभी उन्होंने मुकाबले से हटने का फैसला किया। इसके बाद व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक जीत चुकीं अनाहत सिंह ने फेरेश्तेह इघतेदारी को 3-0 से हराकर भारत को 2-0 की अजेय बढ़त दिला दी। अनाहत ने मुकाबला 11-5, 11-4, 11-7 से अपने नाम किया। अनुभवी जोशना चिनप्पा ने तीसरे एकल मुकाबले में नजमेह बौशेहरिजादेह को 3-0 (1-1, 11-3, 11-9) से मात देकर भारत की 3-0 की जीत पूरी की। भारत ने पूल सी में अपने शुरुआती दोनों मुकाबलों में चीन और जापान को भी हराया था। इस तरह भारतीय टीम ग्रुप तालिका में शीर्ष पर रही। क्वार्टर फाइनल में भारत का सामना बुधवार को सिंगापुर से होगा।

मेरा लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना : अंकुश

अंकुश ने कहा, 'मैं एशियाई जूनियर चैंपियनशिप के दौरान भी इस प्रतिद्वंदी के खिलाफ खेल चुका था और मैं वह मुकाबला हार गया था। हमने उसके मुकाबलों के वीडियो देखे और अपनी रणनीति बनाई। मेरा लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना है।'

मैं थोड़ी घबराई हुई थी : परवीन

परवीन दिग्गज एमसी मैरी कॉम (जिन्होंने 2014 में खिताब जीता था) और लवलीना बोरगोहेन (जिन्होंने पिछले खेलों में रजत पदक जीता था) के बाद एशियाई खेलों के फाइनल में पहुंचने वाली तीसरी भारतीय महिला मुक्केबाज भी बन गई है। परवीन ने कहा, 'मुकाबला अच्छा रहा। मैं थोड़ी घबराई हुई थी, क्योंकि उसने क्वार्टर फाइनल में विश्व चैंपियन को हराया था। मैं उसी खिलाड़ी का सामना करने की तैयारी कर रही थी, इसलिए मुझे अपनी रणनीति बदलनी पड़ी। मैंने जवाबी मुक्कों के जरिए अच्छा प्रदर्शन किया।'

हाई जंप : पूजा ने ब्रॉन्ज मेडल किया अपने नाम

नागोया। एशियन गेम्स में मंगलवार को पूजा ने महिलाओं की 'हाई जंप' में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर 24 साल के सूखे को समाप्त कर दिया। फाइनल में पूजा ने 1.84 मीटर की छलांग के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं, उज्बेकिस्तान की सायफुल्लाएवा ने 1.90 मीटर के अपने पर्सनल बेस्ट के साथ गोल्ड जीता, जबकि कजाकिस्तान की क्रिस्टीना ओवचिन्कोवा ने 1.87 मीटर की जंप के साथ सिल्वर मेडल हासिल किया। 19 वर्षीय पूजा मंगलावर को फाइनल में 1.84 मीटर की जंप के बाद बढ़त बनाए हुए थीं, लेकिन तीन कोशिशों के बावजूद 1.87 मीटर की ऊंचाई पार नहीं कर सकीं, जिसके बाद उन्हें ब्रॉन्ज मेडल से ही संतोष करना पड़ा। यह एशियन गेम्स में महिलाओं की हाई जंप में भारत का पहला ब्रॉन्ज मेडल है। इससे पहले बॉबी एलॉयसियस ने 2002 में सिल्वर मेडल जीता था।



पदक तालिका

स्थान	देश	स्वर्ण	रजत	कांस्य	कुल
1	चीन	143	62	49	254
2	जापान	45	71	67	183
3	द.कोरिया	24	27	44	95
10	भारत	6	21	26	53

स्पीड क्लाइंबिंग: क्वार्टर फाइनल में जोगा पूर्ति



नागोया। भारतीय किशोरी जोगा पूर्ति ने क्वालीफाइंग राउंड में नौवें स्थान पर रहकर एशियाई खेलों की महिला स्पीड क्लाइंबिंग स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। जमशेदपुर की 19 वर्षीय खिलाड़ी जोगा ने पोर्टमेसे नागोया प्रदर्शनी हॉल में 15 मीटर ऊंची दीवार पर चढ़ने में अपना सर्वश्रेष्ठ समय 7.28 सेकंड दर्ज किया। क्वार्टर फाइनल बुधवार को होगा। चीन की लिजुआन डेंग ने 6.23 सेकंड के एशियाई खेलों के रिकॉर्ड के साथ क्वालीफाइंग राउंड में शीर्ष स्थान हासिल किया। उसके बाद दक्षिण कोरिया की जिमिन जियोंग रहीं।

तीरंदाजी : क्वार्टर फाइनल में भारत



भारतीय तीरंदाज धीरज बोम्मदेवरा नीरज चौहान और कुमकुम मोहोद अनिल ने एशियाई खेलों में मंगलवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। प्री-क्वार्टर फाइनल में नीरज ने दक्षिण कोरिया के 22 वर्षीय किम जे डिओक को 6-4 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। किम तीन बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता हैं। नीरज ने मुकाबला 30-28, 29-29, 29-30, 29-29, 29-27 के स्कोर से अपने नाम किया। धीरज ने चीनी ताइपे के चेंग हिसयांग-हुई को 6-2 से मात दी। धीरज ने 29-27, 27-28, 30-28, 29-28 के स्कोर से जीत दर्ज की। क्वार्टर फाइनल में धीरज का सामना उज्बेकिस्तान के अमिरखोन सादिकोव से होगा, जबकि नीरज चौहान भूटान के लाम दोरजी के खिलाफ उतरेंगे।

रिले: मेंस टीम ने जीता ब्रॉन्ज



नागोया। भारत ने पुरुषों की 4x400 मीटर रिले में ब्रॉन्ज मेडल के साथ 'एशियन गेम्स 2026' में अपने एथलेटिक्स अभियान का समापन किया। मिजुहो पार्क एथलेटिक स्टेडियम में धर्मवीर चौधरी, मनु थीक्किनिल, जय कुमार और विशाल थेन्नारासु की भारतीय चौकड़ी ने 3:01.61 सेकंड का समय लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। जापान ने 3:00.75 के समय के साथ गोल्ड मेडल जीता, जबकि कतर ने 3:00.93 के समय के साथ सिल्वर मेडल हासिल किया। भारत चैंपियन टीम से 0.86 सेकंड पीछे रहा। फाइनल में धर्मवीर ने भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई और मनु को बैटन सौंपी, तब तक टीम मेडल की दौड़ में मजबूती से बनी हुई थी। दूसरे लेग के दौरान मनु को भीड़ का सामना करना पड़ा और उन्हें ट्रैक पर अपनी जगह बनाने के लिए घूमना पड़ा, जिससे जब जय कुमार ने दौड़ संभाली तो भारत चौथे स्थान पर था।

जय ने जबरदस्त वापसी करते हुए भारत को मेडल की स्थिति में पहुंचाया और कुछ समय के लिए टीम को जापान के बाद दूसरे स्थान पर ले आए। हालांकि, आखिरी एक्सचेंज के दौरान भारतीय टीम फिर से चौथे स्थान पर खिसक गई। इसके बाद विशाल ने आखिरी लेग में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतर कम किया और भारत को वापस तीसरे स्थान पर पहुंचाया।

कैनो स्लैलम पैडलर्स : भारतीय टीम सेमीफाइनल में

भारतीय कैनो स्लैलम पैडलर्स ने एशियाई खेलों में मंगलवार को पुरुषों की कयाक एकल और महिलाओं की कैनो एकल स्पर्धाओं में सेमीफाइनल में जगह बनाई।

पुरुषों की कयाक एकल स्पर्धा में हितेश केवट 118.22 सेकंड के समय के साथ आठवें, जबकि प्रद्युम्न सिंह राठौड़ 127.70 सेकंड का समय लेकर 10वें स्थान पर रहे। महिलाओं की कैनो एकल स्पर्धा में पल्लवी जगताप 224.20 सेकंड के समय के साथ सातवें, जबकि रीना सेन 342.72 सेकंड के समय के साथ नौवें स्थान पर रहीं।

चारों भारतीय पैडलर बुधवार को अपने-अपने सेमीफाइनल में हिस्सा लेंगे। बुधवार को ही पदक के लिए अंतिम दौर के मुकाबले भी होंगे। महिला कयाक एकल स्पर्धा में शिखा चौहान ने 344.87 सेकंड के समय के साथ हीट में नीचे से दूसरा स्थान हासिल किया लेकिन वह सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रही जो गुरुवार को होगा।

ऑस्ट्रेलिया पर भारत का दबदबा, पारी और 48 रन से जीता टेस्ट

एजेंसी ▶▶| राजकोट

अंडर-19 : ईशान-यशबर्धन ने मिलकर चटकाए 10 विकेट

भारत की अंडर-19 टीम ने ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ अनाधिकारिक टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबले पहला अपने नाम कर लिया है। निरंजन शाह स्टेडिमय में खेले गए मैच के तीसरे दिन मेजबान टीम ने पारी और 48 रन से जीत हासिल करते हुए सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली। सीरीज का अंतिम मैच 5 अक्टूबर से अहमदाबाद में आयोजित होगा।

टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहली पारी में 217 रन बनाए। इस टीम ने 27 के स्कोर तक 3 विकेट गंवा दिए थे।



ईशान की गेंदबाजी का कहर

हॉलिक 59 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद विकेटों का पतझड़ लग गया। इस बीच ब्लेक ने 14 चौकों के साथ 102 रन की पारी खेली। इनके अलावा, एली ब्रेन ने टीम के खाते में नाबाद 25 रन जुटाए। भारत के लिए ईशान ओम ने 53 रन देकर 5 विकेट चटकाए, जबकि मोहित उल्चा ने 3 विकेट हासिल किए। इनके अलावा, यशबर्धन चौहान को 2 विकेट हाथ लगे। इसके जवाब में भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 494 रन बनाकर 277 रन की बढ़त हासिल कर ली। मेजबान टीम ने 46 के स्कोर तक 2 विकेट गंवा दिए थे, जिसके बाद लक्ष्य रायचंदानी ने मोर्चा संभाला। उन्होंने कप्तान यशबर्धन चौहान के साथ तीसरे विकेट के लिए 129 रन जोड़कर टीम को 170 के स्कोर तक पहुंचाया। विपक्षी खेमे से कीसी बार्टन ने सर्वाधिक 3 विकेट हासिल किए, जबकि थियो ल्सिंगोस, स्पेंसर ग्रीन और कॉनर ग्रेगरी ने 2-2 विकेट चटकाए।

सेमीफाइनल में कल श्रीलंका से भिड़ेगी टीम इंडिया



निशिन। श्रीलंका और नेपाल का क्वार्टर फाइनल खराब मौसम के कारण रद्द होने के बाद भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम एशियाई खेलों के सेमीफाइनल में श्रीलंका से भिड़ेगी। श्रीलंका को अपनी बेहतर रैंकिंग के आधार पर सेमीफाइनल में जगह मिली। टीम रैंकिंग में श्रीलंका नौवें, जबकि नेपाल 14वें स्थान पर है। नागोया में पिछले कुछ दिनों से लगातार बारिश हो रही है, जिसके कारण भारत के क्वार्टर फाइनल समेत अंतिम आठ के सभी मुकाबले बारिश की भेंट चढ़ गए।

विमेंस टी20 रैंकिंग

श्रीचरणी ने 817 रेटिंग के साथ तोड़ा मेगन शट का रिकॉर्ड



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत की श्रीचरणी ने आईसीसी विमेंस टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में अब तक की सबसे ज्यादा रेटिंग का नया रिकॉर्ड बनाया है। एशियन गेम्स 2026 में शानदार प्रदर्शन के बाद बाएं हाथ की स्पिनर अपने करियर के बेस्ट 817 प्वाइंट्स तक पहुंच गईं। श्री चरणी पहले ही टी20 अंतरराष्ट्रीय फॉर्मेट में 'वर्ल्ड नंबर-1' गेंदबाज हैं। अब उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की मेगन शट के (806 रेटिंग प्वाइंट्स) के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है, जिसे मेगन ने नवंबर 2018 में बनाया था। चरणी ने भारत की सफल यात्रा में अहम भूमिका निभाई और एशियन गेम्स में अपनी शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए भारत को अपना गोल्ड मेडल बचाने में मदद की। एशिया कप 2026 में श्री चरणी ने 12 विकेट लेकर भारत को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ फाइनल में 20 रन देकर 4 विकेट हासिल किए थे।

खबर संक्षेप



22 अक्टूबर से महिला इंडिया ओपन

नई दिल्ली। महिला इंडिया ओपन 2026 गोल्फ टूर्नामेंट का आयोजन गुरुग्राम के डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में 22 से 25 अक्टूबर तक किया जाएगा। गत चैंपियन सिंगापुर की शेनोन टेन अपने खिताब का बचाव करने उतरेंगी जबकि 2024 की विजेता इंग्लैंड की लिज यंग और 2022 की विजेता जर्मनी की ओलीविया कोवान भी इस पांच लाख डॉलर इनामी प्रतियोगिता में आकर्षण का केंद्र होंगी। भारत की महिला गोल्फरों की नजरें 10 साल में पहली बार इंडिया ओपन का खिताब जीतने पर टिकी होंगी। भारतीय खिलाड़ियों में पिछली बार अदिति अशोक ने 2016 में यह खिताब जीता था। भारत को दीक्षा डागर से काफी उम्मीदें हैं। वह प्रणवी उर्स के साथ आइची-नागोया में चल रहे एशियाई खेलों में हिस्सा लेने के बाद इस टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेंगी।

ऑस्ट्रेलिया ए पर भारत का शिकंजा मुलानी और भुटे को 3-3 विकेट

एजेंसी ▶▶| पुडुचेरी

सैम हार्पर (नाबाद 101) ने शानदार नाबाद शतक लगाकर ऑस्ट्रेलिया ए को संकट से उबारा जबकि बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी (77 रन पर 3 विकेट) और तेज गेंदबाज नचिकेत भुटे (35 रन पर 3 विकेट) की अगुवाई में भारत ए ने दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के पहले दिन दबदबा बनाए रखा। ऑस्ट्रेलिया ए ने सात विकेट पर 282 रन बनाए। हार्पर ने 153 गेंद में नाबाद 101 रन की पारी खेली, जिसमें 7 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। चार दिवसीय मुकाबले के पहले दिन उनकी पारी ने ऑस्ट्रेलिया ए को मुश्किल स्थिति से निकालकर सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। भारत ए ने यहीं खेले गए पहले अनौपचारिक टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ए को पारी और 162 रन से करारी शिकस्त दी थी।

ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ इंडिया विमेंस ने बनाए 351 रन

एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

इंडिया-ए विमेंस ने ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में जारी अनाधिकारिक टेस्ट मैच के पहले दिन 9 विकेट खोकर 351 रन बनाए। भारतीय टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में शुभा सतीश, तनीषा सिंह और निकी प्रसाद का अहम योगदान रहा।

चार दिवसीय मुकाबले में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को सलामी जोड़ी ने मजबूत शुरुआत दिलाई। शुभा ने प्रिया पुनिया के साथ पहले विकेट के लिए 102 रन की साझेदारी की। प्रिया 8 बाउंड्री के साथ 46 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद विकेटों का पतझड़ लग गया। आलम ये रहा कि 120 के स्कोर तक 4 विकेट गिर गए। इस बीच शुभा 10 चौकों के साथ 59 रन बनाकर पवेलियन लौट गईं।



यहां से अनुष्का शर्मा ने तनीषा सिंह के साथ पांचवें विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभाला। अनुष्का 4 चौकों और 1 छक्के के साथ 44 रन बनाकर आउट हुईं, जिसके बाद तनीषा ने निकी प्रसाद के साथ छठे विकेट के लिए 111 रन जोड़कर टीम को 300 के पार पहुंचा दिया।

नेशंस कप : फ्रांस ने दी बेल्जियम को मात

तुर्किये को हराकर इटली ने की धमाकेदार वापसी

एजेंसी ▶▶| मिलान

रॉबर्टो मैनसिनी के मार्गदर्शन में इटली की टीम ने बेहद कम समय में शानदार बदलाव के संकेत देते हुए नेशंस कप फुटबॉल में तुर्किये को उसी के मैदान पर 4-1 से करारी शिकस्त दी। मैनसिनी के कार्यभार संभालने के बाद यह टीम का दूसरा मुकाबला था और लंबे समय बाद इटली का प्रदर्शन इतना प्रभावशाली नजर आया। इससे पहले शुक्रवार को बेल्जियम के खिलाफ घरेलू मैदान पर 0-2 की हार में इटली की टीम संघर्ष करती दिखाई दी थी। यह हार उस निराशा के छह महीने बाद आई थी, जब इटली लगातार तीसरी बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहा था।

इटली को अगले मुकाबले में कहीं ज्यादा कड़ी चुनौती मिलने की उम्मीद है। शुक्रवार को उसे फ्रांस के खिलाफ उसी की धरती पर खेलना है।



फ्रांस ने बेल्जियम पर बनाए रखा दबदबा

फ्रांस ने बेल्जियम पर पूरे मुकाबले में दबदबा बनाए रखा और दो बार गेंद गोलपोस्ट से टकराई। लेकिन उसे जीत दिलाने के लिए स्थानापन्न खिलाड़ी माइकल ओलिस के आखिरी लम्हों में किए गए गोल का इंतजार करना पड़ा। फ्रांस को किलियन एमबापे की कमी खली। वह शुक्रवार को तुर्की के खिलाफ 1-0 की जीत में गोल करने के कुछ ही देर बाद बाएं घुटने में चोट के कारण मैदान से बाहर हो गए थे।

दीप्ति 754 प्वाइंट्स के साथ दूसरे स्थान पर

एशियन गेम्स 2026 के फाइनल में दीप्ति शर्मा ने श्रीलंका के विरुद्ध 6 रन देकर 3 विकेट चटकाए। इस शानदार प्रदर्शन के साथ उन्होंने 754 प्वाइंट्स के साथ दूसरा स्थान हासिल किया है, जबकि इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन 723 प्वाइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर हैं। भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने एशियन गेम्स के फाइनल में 79 रन की पारी खेली थी, जिसके साथ उन्होंने टी20 फॉर्मेट में बल्लेबाजी की रैंकिंग में टॉप-5 में वापसी कर ली है। वेस्टइंडीज की ऑल-राउंडर हेली मैथ्यूज ने सीरीज के पहले मैच में 182 रनों की दमदार पारी खेली थी, जिसके बाद वह 711 प्वाइंट्स के साथ बैटिंग रैंकिंग में तीन पायदान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गईं। उनकी साथी रियलीना ग्रिमंड 34 पायदान ऊपर चढ़कर 270 प्वाइंट्स के साथ संयुक्त रूप से 102वें स्थान पर पहुंच गईं।

विरासत

छत्तीसगढ़ के महापुरुषों की

गनियारी की मिट्टी से उठी एक आवाज ने जब पहली बार महाभारत की कथा गायी, तब शायद किसी ने नहीं सोचा था कि यह आवाज एक दिन छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान बन जाएगी। अभावों में बीता बचपन, नाना से सुनी महाभारत की कथाएं और पंडवानी के प्रति ऐसा जुनून, जिसने सामाजिक बंदिशों तक को चुनौती दे दी। तीजन बाई ने परंपरा में रहते हुए अपनी अलग राह बनाई और पंडवानी की कापालिक शैली को अपनी आवाज, अभिनय और अद्भुत ऊर्जा से नया विस्तार दिया। गांव की चौपाल से शुरू हुआ उनका सफर देश-दुनिया के बड़े मंचों तक पहुंचा, लेकिन शोहरत की ऊंचाइयों पर पहुंचकर भी उनके भीतर की वह सहज ग्रामीण स्त्री नहीं बदली। बोरे-बासी और टमाटर की चटनी से लेकर तंबूरे और महाभारत तक—उनकी जिंदगी में मिट्टी की वही खुशबू बनी रही। पद्मश्री से पद्मविभूषण तक मिले सम्मान उनकी उपलब्धियों का प्रमाण हैं, लेकिन उनकी सबसे बड़ी विरासत वह आत्मविश्वास है, जिसने पंडवानी को वैश्विक पहचान दी। 5 जुलाई 2026 को तीजन बाई की आवाज भले मौन हो गई, लेकिन उनकी पंडवानी आज भी छत्तीसगढ़ की माटी में गूंजती है।



पंडवानी की अमर आवाज तीजन बाई

संघर्ष से शिखर तक



गांव की चौपाल से दुनिया के मंच तक

गनियारी और आसपास के गांवों से शुरू हुआ तीजन बाई का सफर धीरे-धीरे भिलाई, दुर्ग, रायपुर और भोपाल तक पहुंचा। भोपाल के भारत भवन में उनकी प्रस्तुति ने उनके जीवन को निर्णायक मोड़ दिया। प्रख्यात रंगकर्मी हबीब तनवीर उनकी कला से प्रभावित हुए और उन्हें तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के सामने प्रस्तुति का अवसर मिला। प्रस्तुति के बाद इंदिरा गांधी ने उनकी सराहना की। तीजन बाई ने सहजता से कहा-महाभारत नहीं करती हूं, महाभारत की कथा सुनाती हूं। उनके इस जवाब में उनकी कला का पूरा दर्शन छिपा था। भिलाई स्टील प्लांट ने 1986 में उन्हें नौकरी दी और उनकी कला को मंच भी मिला। इसके बाद श्याम बेनेगल के चर्चित धारावाहिक 'भारत एक खोज' में उनकी प्रस्तुति ने उनकी आवाज को देश के करोड़ों दर्शकों तक पहुंचाया। इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, तुर्की, मॉरीशस और जापान समेत अनेक देशों में उन्होंने पंडवानी प्रस्तुत की। पेरिस के भारत महोत्सव में उनकी प्रस्तुति विशेष रूप से चर्चित रही। भाषा अलग थी, लेकिन उनकी आवाज, अभिनय और भावों ने सीमाएं पार कर लीं।

डॉ. तीजन बाई

तीज के दिन जन्मी 'तीजन'

भिलाई के समीप गनियारी गांव में धनुक लाल और सुखवती के घर एक बेटी ने जन्म लिया। परिवार साधारण था, परिस्थितियां कठिन थीं, लेकिन इस बच्ची के भीतर कुछ असाधारण था। संयोग से उसका जन्म छत्तीसगढ़ के लोकपर्व तीज के आसपास हुआ, इसलिए नाम रखा गया तीजन। तीजन पांच भाई-बहनों में सबसे बड़ी थीं। जन्म के कुछ ही दिनों बाद जीवन ने उन्हें पहली परीक्षा भी दी। परिवार में प्रचलित एक प्रसंग के अनुसार, जन्म के छठे दिन एक आवारा कुत्ता नवजात तीजन को कपड़े समेत उठाकर ले गया था। काफी तलाश के बाद मां ने उन्हें झोपड़ी के पीछे कुत्ते के पास पाया और सूझबूझ से रोटी का लालच देकर बच्ची को सुरक्षित वापस ले आईं। मौत के मुंह से बची वही बच्ची आगे चलकर लोककला के इतिहास में अमिट नाम लिखने वाली थी।



नाना की आवाज में सुनी महाभारत

तीजन बाई के जीवन में पंडवानी की पहली पाठशाला कोई मंच या संस्थान नहीं, बल्कि उनके नाना ब्रजलाल पारधी थे। परिवार के बड़े लोग जब रोजी-रोटी के लिए बाहर निकलते, तब नन्हीं तीजन अपने नाना के साथ रहतीं। नाना छत्तीसगढ़ी में महाभारत की कथाएं सुनाते और पंडवानी गाते। तीजन उन्हें एकटक सुनती रहतीं। महाभारत के पात्र, उनके संवाद, युद्ध, दुख, क्रोध और वीरता धीरे-धीरे उनके बालमन का हिस्सा बनते गए। फिर वह अकेले में नाना की तरह गाने का अभ्यास करने लगीं। यही वह समय था, जब पंडवानी उनके लिए महज गीत नहीं रही। बाद में उमेद सिंह देशमुख से भी उन्होंने पंडवानी की अनौपचारिक शिक्षा ली, लेकिन अपनी कला की पहली लौ उन्हें नाना से ही मिली थी।

पंडवानी विधा को आगे बढ़ा रहीं आराध्या



धमतरी के कुरुद में जन्मी आराध्या अपनी गुरु तीजनबाई के पदचिन्हों पर चलकर उनका मान बढ़ा रही है। 7 साल की उम्र से ही आराध्या पंडवानी गायन कर रही है। अपनी प्रतिभा के बल पर कई सम्मान



अर्जित कर चुकी हैं। आराध्या ने अभी तक 300 से ज्यादा मंचों पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी हैं। आराध्या के पंडवानी कार्यक्रम Inh24x7, आकाशवाणी और दूरदर्शन पर प्रसारित हो चुके हैं । आराध्या को अभी तक नई दुनिया नायिका सम्मान 2023,मोर अंगना के तुलसी सम्मान 2026, मिनिस्ट्री ऑफ़ कल्चर इंडिया 2024, राजिम भक्तिन माता सम्मान 2024, तीजन बाई आरुग सम्मान 2026, छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी द्वारा सम्मान पत्र 2025, संगम सुहेला सम्मान, लोकप्रयाग सम्मान नवापारा राजिम 2024 और साहू समाज गौरव सम्मान मिल चुका है

रूढ़ियों से टकराती एक अल्हड़ लड़की

पंडवानी सीखने और गाने का जुनून उस समय किसी लड़की के लिए आसान नहीं था। महिलाओं के लिए प्रचलित वेदमती शैली में बैठकर पंडवानी गाने की परंपरा थी, जबकि खड़े होकर अभिनय और हावभाव के साथ प्रस्तुति देने वाली कापालिक शैली पर पुरुषों का वर्चस्व था। तीजन बाई को सीमाओं में बंधना मंजूर नहीं था। उन्हें गाने-बजाने के साथ कबड्डी खेलना और लड़कों के साथ खुलकर खेलना भी पसंद था। उनकी यही अल्हड़ता परिवार और समाज को कई बार नागवार गुजरती। पंडवानी गाने पर उन्हें मां की डांट और मार तक सहनी पड़ी। पिता भी उनके गाने के खिलाफ थे। लेकिन जिस लड़की ने महाभारत को अपने भीतर बसा लिया था, उसे रोकना आसान नहीं था। वह छिप-



छिपकर अभ्यास करती रहीं। महज 12 वर्ष की उम्र में उनका विवाह कर दिया गया, लेकिन विवाह भी उनके भीतर के कलाकार को रोक नहीं सका।

पहली बार गाने पर मिला एक बोरा चावल

उस समय में महिलाएं, पंडवानी केवल बैठकर गा सकती थीं, जिसे वेदमती शैली कहा जाता है। वहीं, पुरुष खड़े होकर कापालिक शैली में गाते थे। तीजन बाई वो पहली महिला हैं, जिन्होंने कापालिक शैली में पंडवानी की प्रस्तुति दी थी। इसके बाद दूसरे गांववाले उन्हें तीज-त्यौहार पर लोक गीत गाने बुलाने लगे। तीजन जब 13 साल की थी, तब उन्होंने पहली बार अपने पास वाले गांव चंदखुरी में मंच पर प्रस्तुति दी थी। शुरुआती दिनों में पंडवानी के लिए कोई निश्चित राशि तय नहीं थी, हर कार्यक्रम के बाद श्रोतागण अपनी श्रद्धा अनुसार 10 -20 पैसे या फिर एक मुट्ठी चावल दिया करते थे। तीजन को भी अपने पहले कार्यक्रम में सम्मान स्वरुप एक बोरा चावल मिला, जिसे बेचकर उन्होंने अपने घर की छत बनवाई थी।

दुख बहुत मिले, पंडवानी नहीं छूटी



तीजन बाई का सार्वजनिक जीवन जितना ऊंचा हुआ, निजी जीवन उतना ही संघर्षों से भरा रहा। मंच पर जाने और लगातार कार्यक्रम करने की उनकी प्रतिबद्धता कई बार वैवाहिक जीवन में टकराव का कारण बनी। लेकिन उन्होंने पंडवानी छोड़ना स्वीकार नहीं किया। उन्होंने अपने बच्चों को खोने का गहरा दुख भी सहा। निजी त्रासदियों के बीच भी उनकी कला उनके साथ बनी रही। एक बेटे के निधन के तुरंत बाद तय कार्यक्रम में प्रस्तुति देने जाना उनके जीवन के सबसे कठिन क्षणों में से एक था। मां के भीतर का दुख और कलाकार का दायित्व आमने-सामने थे, लेकिन उन्होंने मंच पर जाना चुना। उनके लिए पंडवानी सिर्फ रोजी-रोटी नहीं थी। वह गुरु की सीख थी, पहचान थी और जीवन का संबल थी। शायद इसी कारण निजी दुखों के बीच भी उनकी आवाज में वह ऊर्जा बनी रही, जिसने उन्हें दशकों तक मंच से जोड़े रखा।

कला साधना को मिला सम्मान

भारतीय लोक कला में तीजनबाई के असाधारण योगदान के लिए उन्हें पद्मश्री, पद्म भूषण और देश के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। 1995 में उन्हें संगीत नाटक अकादमी अवार्ड से भी सम्मानित किया गया।



1988 : पद्म श्री



2003 : पद्म भूषण



2019 : पद्म विभूषण

तीजन चली गईं, कथा रह गई

उम्र के अंतिम पड़ाव में स्वास्थ्य ने उनका साथ कमजोर कर दिया। 27 मई 2026 को उन्हें रायपुर के एम्स में भर्ती कराया गया। कई दिनों तक उपचार के बाद 5 जुलाई 2026 की तड़के लगभग 3 बजकर 15 मिनट पर 70 वर्ष की आयु में उन्होंने अंतिम सांस ली। गनियारी की उसी मिट्टी में उन्हें अंतिम विदाई दी गई, जहां कभी नाना की आवाज में उन्होंने पहली बार महाभारत सुनी थी। पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार हुआ। हजारों लोगों ने अपनी लोकधरोहर को अंतिम प्रणाम किया। लेकिन, कलाकार का जीवन उसके जाने के साथ समाप्त नहीं होता। तीजन बाई ने पंडवानी को अगली



पीढ़ी तक पहुंचाने की कोशिश की, अनेक कलाकारों को प्रशिक्षण दिया और यह विश्वास छोड़ा कि लोककलाएं कभी खत्म नहीं होतीं। वे समय के साथ अपना नया पात्र चुन लेती हैं। गनियारी की चौपाल से विश्व मंच तक पहुंची तीजन बाई की कहानी अभाव, संघर्ष, जिद, प्रतिभा और अद्भुत सरलता की कहानी है। उन्होंने पंडवानी को दुनिया तक पहुंचाया, लेकिन उसकी आत्मा को कभी नहीं बदला। उनकी बोली छत्तीसगढ़ी रही, हाथ में तंबूरा रहा और कथा में वही महाभारत। यही उनकी सबसे बड़ी विरासत है—पंडवानी की पर्याय, छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक अस्मिता और भारतीय लोककला की अमर आवाज।



अभिनेता रणबीर कपूर के साथ तीजन बाई

बासी चावल और चटनी की शौक़ीन, तीजन बाई ने अपनी काबिलियत एवं प्रतिभा के दम पर यह मुकाम हासिल किया। दमदार आवाज की जादूगर तीजन बाई ने संघर्षों के आगे कभी घुटने नहीं टेके। बॉलीवुड के मशहूर कलाकार रणबीर कपूर, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी या फिर कोई सामान्य कला का विद्यार्थी क्यों न हो, तीजन बाई सबसे बेहद सादगी और सरलता से मिलती थीं।

Inh सोमवार रात 7.55 बजे

समर्पण और आत्मविश्वास की प्रेरणादायक मिसाल



तीजन बाई छत्तीसगढ़ की ऐसी गौरवशाली पहचान थीं, जिन्होंने अपनी कला-साधना से प्रदेश की लोक संस्कृति को देश-दुनिया के मंच तक पहुंचाया। पंडवानी में उनकी विशिष्ट कापालिक शैली और प्रभावशाली प्रस्तुति ने पहचान दिलाई। उनका जीवन संघर्ष, समर्पण और आत्मविश्वास की प्रेरणादायक मिसाल रहा।

-**रमेन डेका**, राज्यपाल, छत्तीसगढ़

तीजन बाई का योगदान प्रदेश के लिए गर्व की बात



तीजन बाई ने पंडवानी को जिस ऊंचाई तक पहुंचाया, वह प्रदेश के लिए गर्व की बात है। कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने अपनी कला को साधना बनाया और पूरी दुनिया के सामने छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक परंपरा को प्रस्तुत किया। उनका योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा रहेगा।

-**विष्णुदेव साय**, मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

पंडवानी को दिलाया राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर सम्मान



तीजन बाई का व्यक्तित्व छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति के विराट स्वरूप का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने पंडवानी को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर सम्मान दिलाया। उनकी कला में लोकजीवन, महाभारत की कथा, अभिनय और मानवीय संवेदनाओं का अद्भुत समन्वय था।

-**डॉ. मानिक विश्वकर्मा 'नवरंग'**, वरिष्ठ साहित्यकार

तीजन बाई ने पंडवानी को मंच पर जीवंत किया



तीजन बाई ने पंडवानी को सिर्फ गाया नहीं, बल्कि उसे मंच पर जीवंत किया। उनकी प्रतिभा और लगन देखकर उन्हें प्रशिक्षण मिला और महज 13 साल की उम्र में उन्होंने पहला मंच प्रदर्शन किया। तानपुरे को कभी रथ, कभी गदा तो कभी पात्रों की अभिव्यक्ति बनाकर उन्होंने पंडवानी को अद्भुत नाट्य रूप दिया।

-**डॉ. प्रकाश पतंगीवार**, वरिष्ठ साहित्यकार

भारतीय लोक परंपरा की सशक्त आवाज थीं तीजन बाई



तीजन बाई सिर्फ पंडवानी की महान कलाकार नहीं थीं, बल्कि वे भारतीय लोक परंपरा की एक ऐसी सशक्त आवाज थीं, जिसने लोककला को नई प्रतिष्ठा दी। उनकी प्रस्तुति में कथा, संगीत, अभिनय और भावनाओं का अद्भुत संगम दिखाई देता था। वे मंच पर आती थीं तो महाभारत के पात्र और प्रसंग जीवंत हो उठते थे।

-**मालिनी अवस्थी**, प्रसिद्ध लोक गायिका

तीजन बाई जी से एक पूरी पीढ़ी ने बहुत कुछ सीखा है



अत्यंत गरीब परिवार से होने के बावजूद उन्होंने अपनी कला साधना से देश ही नहीं, बल्कि विदेश में भी पंडवानी को पहचान दिलाई। हम सब उनसे हमेशा सीखते ही रहे हैं। उनके व्यवहार की मिठास, उनकी हमेशा याद दिलाती रहेगी।

-**पद्मश्री उषा बारले**
वरिष्ठ पंडवानी गायिका

मैं उन्हें हर पल याद करती हूं उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला



बहुत कम उम्र से उन्हें गुरु मानकर बहुत कुछ सीखा। कोई ऐसा पल नहीं होता जब उन्हें मैं याद नहीं करती। उन्हें याद करते हुए मन बहुत भावुक हो जाता है। उनके साथ कई शोज भी साथ किए। बाद में जब वे अस्वस्थ्य रही तब भी उनसे निरंतर संपर्क बना रहा। गुरु कभी अपने शिष्यों को छोड़कर नहीं जाते, हमेशा साथ रहते हैं।

-**तरुणा साहू, शिष्या, पंडवानी गायिका**

कभी अपनी कला और संकल्प से समझौता नहीं किया



हमारे लिए तीजन बाई सिर्फ एक महान कलाकार नहीं थीं, बल्कि परिवार की ऐसी मजबूत शख्सियत थीं, जिनसे हमें हर दिन कुछ सीखने को मिला। उन्होंने जीवन में बहुत संघर्ष देखा, लेकिन कभी अपनी कला और अपने संकल्प से समझौता नहीं किया। उनका पंडवानी के प्रति समर्पण अद्भुत था।

-**वेणु**, तीजन बाई की बहू

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्प्लेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com